शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 93 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 29 अप्रैल 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'शहजादे ने राजा-महाराजाओं का अपमान किया'

## पीएफआई राष्ट्र विरोधी संगठन जिसे सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था, कांग्रेस इसका इस्तेमाल कर रही: मोदी

**कोल्हापुर**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक बार फिर कहा- कांग्रेस की सरकार आई तो वो महिलाओं के सोने-चांदी की जांच करवाएगी और इसे अल्पसंख्यकों में बांट देगी। पीएम ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आई तो ये सीएए को खत्म कर देंगे। कश्मीर में धारा 370 को वापस लाएंगे। ये वो लोग हैं जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर बनने का विरोध किया। इतना ही नहीं तमिलनाडु में इनकी करीबी पार्टी डीएमके के नेता डेंगू और मलेरिया से तुलना कर सनातन धर्म को बदनाम कर रही है। महाराष्ट्र में इन्हें सम्मान के साथ बुलाया जाता है। अब ये फॉर्मूला निकालने में लगे हैं कि एक साल एक पीएम। यानी, पांच साल में पांच प्रधानमंत्री। ये देश कभी सहन करने वाला नहीं है। इनका एक ही एजेंडा है- सरकार बनाओ, नोट कमाओ।

**बीजेपी और एनडीए 2.0 से आगे चल रहे हैं**

पीएम बोले- कोल्हापुर, महाराष्ट्र का फुटबॉल हब है। फुटबॉल यहां के युवाओं में बहुत पॉपुलर है। इसलिए मैं फुटबॉल की भाषा में कहूं तो कल दूसरे चरण का मतदान पूरा होने के बाद बीजेपी और एनडीए 2.0 से आगे चल रहे हैं। कांग्रेस और इंडी अलायंस ने देश विरोधी और नफरत की राजनीति के दो सेल्फ गोल कर लिए हैं इसलिए ये पक्का हो गया है कि फिर एक बार मोदी सरकार। प्रधानमंत्री ने कहा- जब कांग्रेस और उसके दोस्तों को एहसास हुआ कि वे एनडीए के विकास के ट्रैक रिकॉर्ड का मुकाबला नहीं कर सकते, तो उन्होंने अपनी रणनीति बदल दी।

वे राष्ट्रविरोधी एजेंडे और तुष्टीकरण का इस्तेमाल कर रहे हैं। अब, कांग्रेस का एजेंडा है कि वे कश्मीर में धारा 370 को फिर से बहाल करेंगे। मोदी ने कहा- ये लोग कह रहे हैं कि इनकी सरकार बनी तो ये लोग सीएए रद्द कर देंगे।



### कांग्रेस की नजर स्त्री धन पर : पीएम मोदी

**प्रधानमंत्री** ने बेंगलुरु के कैफे में हुए बम धमाके का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा- बेंगलुरु के कैफे में धमाका हुआ तो भी कांग्रेस की सरकार में गंभीरता नहीं आई, उन्होंने यहां तक कह दिया कि गैस का सिलेंडर फटा होगा। कांग्रेस देश की जनता के आंखों में धूल क्यों झोंक रही है?

**कांग्रेस के शहजादे हमारे राजा-महाराजाओं को अत्याचारी कहते हैं**

कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि भारत के राजा, महाराजा अत्याचारी थे, वे गरीबों की जमीन छीन लेते थे। कांग्रेस के शहजादे ने छत्रपति शिवाजी महाराज, रानी चिनम्मा का अपमान किया है। कांग्रेस के शहजादे का बयान सोच-समझकर वोट बैंक की राजनीति करने के लिए, तुष्टीकरण के लिए दिया गया बयान है। कांग्रेस को औरंगजेब के अत्याचार याद नहीं आते, जिसने हमारे सैकड़ों मंदिरों को तोड़ा, अपवित्र किया। कांग्रेस औरंगजेब की गुणगान करने वाली पार्टियों के साथ खुशी से गठबंधन करती है।

### केंद्र ने कर्नाटक के साथ अन्याय किया

**बंगलूरू**

**कर्नाटक के** मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने सांकेतिक धरना दिया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने सूखा राहत राशि जारी करने में कर्नाटक के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के बाद केंद्र सरकार ने केवल 3454 करोड़ रुपए जारी किए हैं। जबकि, कर्नाटक सरकार ने केंद्र से सूखा राहत के लिए 18171 करोड़ के मुआवजे की मांग की थी। सीएम सिद्धारमैया रविवार को विधानमंडल और सचिवालय के पास स्थित विधान सौदा परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरने पर बैठे।

### 'आपकी संपत्ति को पसंदीदा वोट बैंक में बांटेगी कांग्रेस'

**कांग्रेस** आपकी संपत्ति को अपने पसंदीदा वोट बैंक में बांटने की बात करती है। क्या आप अपनी मेहनत की कमाई किसी को दे देना चाहेंगे? क्या आप कांग्रेस को अपना मंगलसूत्र हड़पने देंगे? नहीं!

क्या कोई 'पंजा' आपकी संपत्ति लूट सकता है? नहीं। मैं कांग्रेस को सचेत करना चाहता हूं - ये मंसूबे छोड़ दीजिए!

**दस साल में हमने ईज ऑफ लिविंग के लिए काम किया:** पिछले 10 वर्षों में भाजपा, एनडीए सरकार ने देश के नागरिकों की ईज ऑफ लिविंग के लिए बहुत काम किया है। इसका बड़ा उदाहरण भारतीय न्याय संहिता है, कांग्रेस मानसिक रूप से अंग्रेजों की गुलामी में ही जी रही थी। अब भारत में न्याय संहिता में दंड को नहीं बल्कि न्याय देने को प्राथमिकता दी गई है।

कांग्रेस औरंगजेब की गुणगान करने वाली पार्टियों के साथ खुशी से गठबंधन करती है। ये भूल गए, जिन्होंने हमारे तीर्थों को तहस-नहस किया, लूटपाट किया, गौ हत्याएं की।

## सात दिन बाद भी नहीं पता चला गुरचरण सिंह का

**नई दिल्ली**

तारक मेहता का उल्टा चश्मा नामक धारावाहिक में रोशन सिंह सोढ़ी का किरदार निभाने वाले गुरचरण सिंह का सात दिन के बाद भी अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। वह सोमवार से लापता हैं। गुरचरण के पिता ने पालम थाने में उनके लापता होने की शिकायत दी थी। पिता का कहना है कि वह घर से मुंबई जाने के लिए निकले थे लेकिन न वह मुंबई पहुंचे और ना ही घर आए हैं। शिकायत पर पालम थाना पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच कर रही है। डीसीपी रोहित मीणा के अनुसार गुरचरण सिंह की तलाश लोकल पुलिस के अलावा स्पेशल स्टाफ भी कर रही है। पुलिस ने 200 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज को खंगाला है। 22 अप्रैल की शाम को वह पालम इलाके में दिखाई दिए। फिलहाल पुलिस उनके परिवार एवं दोस्तों से पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक गुरचरण सिंह सपरिवार साधनगर, पालम में रहते हैं। पालम थाने में दी शिकायत में उनके पिता हरजीत सिंह ने कहा है कि उनका बेटा गुरचरण सिंह सोमवार सुबह मुंबई जाने के लिए घर से निकले थे। उन्हें आईजीआई एयरपोर्ट से मुंबई के लिए फ्लाइल पकड़नी थी लेकिन वह न तो मुंबई पहुंचे हैं और ना ही वापस घर लौटे हैं। उनके मुताबिक परिवार वालों ने उनके मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उनका मोबाइल बंद है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस उनके घर से लेकर आईजीआई एयरपोर्ट तक के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाल चुकी है।

## 'दिल्ली वाले अंकल और पटनायक ने पैसा लूटा'



**केंद्रपाड़ा**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी रविवार को ओडिशा पहुंचे। उन्होंने केंद्रपाड़ा में रैली में कहा- ओडिशा में बीजेपी-बीजेडी की शादी हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के बीच गठबंधन है। पीएम मोदी ने केंद्र में 22-25 अरबपतियों की सरकार चलाई। वही काम ओडिशा में नवीन बाबू कर रहे हैं। राहुल ने कहा- इसका पूरा का पूरा फायदा मुट्ठी भर लोगों को होता है और बाकी जनता देखती रह जाती है। तेलंगाना में भाजपा और बीआरएस की शादी थी। वहां पर हर रोज उनकी बारात निकलती थी और ड्रामेबाजी होती थी। कांग्रेस पार्टी ने तेलंगाना में दिखाया कि भाजपा और बीआरएस एक हैं और अगर विपक्ष का कोई काम कर रहा है तो वो कांग्रेस पार्टी कर रही है। ओडिशा में भी कुछ यही हाल है। राहुल गांधी ने ओडिशा के लिए पांच गारंटी गिनाई। उन्होंने कहा- ओडिशा में महिलाओं को हर महीने 2,000 रुपए, बेरोजगार युवाओं को हर महीने 3,000 रुपए, 200 यूनिट फ्री बिजली, 500 रुपए में गैस सिलेंडर और धान के लिए 3,000 रुपए/क्विंटल।

## संभल का चुनाव श्रद्धांजलि का चुनाव : अखिलेश यादव

**मुरादाबाद**

**संभल का चुनाव** श्रद्धांजलि का चुनाव हैं, इसीलिए हम सभी को संभल से समाजवादी पार्टी को भारी बहुमत से जिताना हैं। सपा ने सबसे पहले यहां के लोकप्रिय सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क को चुनाव मैदान में उतारा था, लेकिन उनका असमय निधन हो गया। अब उनके पोते जियाउर्रहमान बर्क चुनाव लड़ रहे हैं। लोकसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद भाजपा की सबसे ज्यादा वोटों से हारी हुई सीटों में संभल की सीट भी होनी चाहिए। यह बातें रविवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव संभल लोकसभा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क के समर्थन में बिलारी विधानसभा के स्योंडारा में आयोजित जनसभा में कहीं। मुरादाबाद जनपद की बिलारी विधानसभा के स्योंडारा में आयोजित जनसभा में अखिलेश यादव ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव से पहले 400 पार का नारा दिया था, पहला और दूसरा चरण होते ही यह नारा बदल गया।

## रैम्पेज मिसाइलों को वायुसेना-नौसेना के बेड़े में शामिल किया

**नई दिल्ली**

चीन के साथ सीमा पर तनाव के मद्देनजर भारत अपनी सैन्य क्षमता को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। स्वदेश में रक्षा उपकरण बनाने के साथ ही मित्र देशों से अत्याधुनिक मिसाइलें और सैन्य उपकरण खरीद कर भी लड़ाकू विमानों के बेड़े की मारक क्षमता बढ़ाई जा रही है। इसी सिलसिले में वायु रक्षा प्रणाली को चकमा देने वाली रैम्पेज मिसाइलों को भारतीय वायुसेना और नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया है।

**250 किमी तक लक्ष्य को ध्वस्त करने में सक्षम :** सुपरसोनिक या





आवाज से अधिक गति वाली रैम्पेज 250 किलोमीटर तक लक्ष्य को ध्वस्त करने में सक्षम है। वायुसेना ने सुखोई -30 एमकेआई और मिग - 29, जगुआर लड़ाकू विमानों को रैम्पेज मिसाइलों से लैस किया है। मिग-29 के नौसैनिक लड़ाकू विमानों के लिए मिसाइलों को अपने बेड़े में भी शामिल किया है।

## संविधान सम्मत आरक्षण को संघ पूर्ण समर्थन देता है: मोहन भागवत

**हैदराबाद**

**आरएसएस** प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि संघ शुरू से ही संविधान के अनुसार सभी आरक्षणों का समर्थन करता रहा है, लेकिन कुछ लोग झूठे वीडियो प्रसारित कर रहे हैं। देश में लोकसभा चुनाव जारी हैं। दो चरणों में 190 सीटों पर चुनाव हो चुके हैं और पांच चरण अभी बाकी हैं। हालांकि, संघ का साफ कहना है कि वह किसी भी प्रकार से राजनीति में नहीं है। इसके पहले भी कई पार्टियों के नेता भाजपा और आरएएस पर आरोप



लगाते रहे हैं कि वे आरक्षण खत्म कर देंगे। वहीं, अब चुनावी समय में इसी दावे के साथ वीडियो सकुर्लेट हो रहा है, जिस पर मोहन भागवत ने सफाई दी है। मोहन भागवत ने कहा, कल मैं यहां आया तो पता चला एक वीडियो घूम रहा है, जिसमें कहा जा रहा है संघ वाले बाहर तो आरक्षण की बात करते हैं, लेकिन अंदर आरक्षण का विरोध है, बाहर हम बोल नहीं सकते। ये एकदम असत्य बात है, गलत बात है। जब से आरक्षण आया है, तब से संविधान सम्मत आरक्षण को संघ पूर्ण समर्थन देता है और कहता है, आरक्षण जिनके लिए है, उनको जब तक आवश्यक लगेगा या सामाजकि कारणों से दिया गया है।

वो भेदभाव जब तक है तब तक

## ईश्वरीय ताकत को चुनौती देने वालों का पतन तय : योगी



**बदायूं/ब्यूरो।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि जो लोग ईश्वरी ताकत को चुनौती देते हैं उनका पतन तय है। उन्होंने कहा कि सपा ने लोकसभा चुनाव का मजाक बनाकर रख दिया है। सपा द्वारा बार-बार अपने प्रत्याशियों को बदलना ये दिखाता है कि अखाड़ा सजने से पहले ही इन लोगों ने हार मान लिया है। मुख्यमंत्री योगी ने अपने संबोधन की शुरूआत सप्तऋषि परंपरा के महान ऋषि कश्यप और महाराज भगिरथ की तपोभूमि व वेदों की पावन धरा बदायूं को नमन करते हुए किया। सीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव चल रहा है। मगर इसे भी सपा ने मजाक का विषय बना दिया है। सपा ने इतनी बार अपना प्रत्याशी बदल दिया है कि अखाड़ा सजने से पहले ही वह अपनी हार मान चुकी है। यहां से तो चाचा ने भी पलायन करना ठीक समझा और भतीजे के पांव भी पहले ही उखड़ चुके हैं। सपा ने यही काम शाहजहांपुर, रामपुर और मेरठ में भी किया है। मगर जनता कह रही है कि इससे कोई फायदा होने वाला नहीं, वह सपा के पुराने सभी कारनामों का हिसाब-किताब करेगी। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को उसके मेनिफेस्टो के आधार पर आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस देश के खिलाफ हिडेन एजेंडे पर काम कर रही है।

### 'बदायूं सकारात्मक शक्तियों के साथ रहा है'

योगी ने कहा कि पहले के पीएम अयोध्या जाने से संकोच करते थे। मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जो अयोध्या में राम जन्मभूमि दर्शन को गये और रामलला को 500 साल बाद उनके भव्य मंदिर में विराजमान भी कर दिया।

उन्होंने कहा कि बदायूं हमेशा सकारात्मक शक्तियों के साथ रहा है। कहा 2014 से पहले भारत में आतंकी विस्फोट हुआ करते थे तब पाकिस्तान में जश्न मनता था और भारत की सरकार मौन रहती थी।

## भाजपा-कांग्रेस ने एक होकर बीएसपी को तोड़ा: मायावती

**मुरैना**

उत्तरप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री एवं बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को मुरैना की चुनावी सभा में भाजपा और कांग्रेस को एक बताया। उन्होंने कहा कि उत्तरप्रदेश में चार बार बीएसपी के नेतृत्व में सरकार बनी। जब चौथी बार अकेले बलबूते हमारी सरकारी बनी, तब कांग्रेस, बीजेपी और दूसरी जातिवादी पार्टियों ने एक होकर बीएसपी को कमजोर करने के लिए रास्ता निकाला। इन्होंने स्वार्थी और बिकाऊ किस्म के लोगों को तोड़ा। इन्हें आगे कर छोटे



संगठन बनवा दिए और बीएसपी के मुकाबले में ले आए।

शहर के मेला मैदान में रविवार को आयोजित सभा में मायावती ने ग्वालियर, मुरैना और भिंड लोकसभा से बसपा प्रत्याशियों के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि ग्वालियर में भी एक-दो ऐसे स्वार्थी और बिकाऊ लोग हैं, जिहोंने कांग्रेस और भाजपा का मकसद पूरा किया। जब लगा कि बसपा कमजोर हो गई, तब कभी कांग्रेस तो कभी भाजपा का दामन थाम लिया। ये बातें तो बाबा साहेब की करते हैं, लेकिन काम गांधी का करते हैं। इनसे सावधान रहना है। उन्होंने कि ये बीमारी उत्तरप्रदेश में भी है। जहां बीएसपी मजबूत है, वहां विरोधी पार्टियां इस तरह का षड्यंत्र रच रही हैं। मायावती ने कहा कि आजादी के बाद केंद्र और देश के अधिकांश राज्यों में सत्ता कांग्रेस के हाथ में केंद्रित रही है।

## दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरिवंदर सिंह लवली ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली**

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। अपने पत्र में लवली ने कहा है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन पार्टी को मजबूती देने के लिए है लेकिन आप पार्टी के विकास के झूठ प्रोपेगेंडा को समर्थन देना सही नही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखे पत्र में उन्होंने प्रदेश कार्य समिति और पार्टी कार्यकर्ताओं के सुझावों को नजरअंदाज किए जाने का मुद्दा उठाया है।

## एमडीएच-एवरेस्ट के मसालों पर अमेरिका की भी नजर

**हैदराबाद**

भारतीय ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट के मसालों में कथित तौर पर कीटनाशक पाए जाने के मामले में अमेरिका भी जानकारी जुटा रहा है। हांगकांग के खाद्य नियामक सेंटर फार फूड सेफ्टी (सीएफएस) ने कहा था कि इन मसालों में कीटनाशक, एथिलीन आक्साइड पाया गया जिससे कैंसर होने का खतरा होता है। अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया, एफडीए रिपोर्टों से अवगत है। हम




इस बारे में अतिरिक्त जानकारी जुटा रहे हैं। गौरतलब है कि हांगकांग के सीएफएस ने उपभोक्ताओं से इन उत्पादों को न खरीदने को कहा है, जबकि सिंगापुर की खाद्य एजेंसी ने ऐसे मसालों को वापस लेने का निर्देश दिया है। जिन चार उत्पादों पर प्रतिबंध लगाया गया है उनमें एमडीएच का मद्रास करी पाउडर, एवरेस्ट फिश करी मसाला, एमडीएच सांभर मसाला मिक्स और एमडीएच करी पाउडर मिक्स मसाला शामिल हैं।

**एफएसएसएआइ मसालों की गुणवत्ता की जांच कर रहा**


एमडीएच और एवरेस्ट ने मामले पर टिप्पणी नहीं की है, हालांकि एवरेस्ट ने पहले कहा था कि चिंता की कोई बात नहीं है।

### चारधाम यात्रा मार्ग पर हर 30 किमी पर बन रहा 42 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन

## चारधाम यात्रा : अब धाम तक फर्राटा भरेंगे इलेक्ट्रिक वाहन

**देहरादून**

श्रीकेदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के दिव्य धाम में शीश झुकाकर पूजन करने की कामना हर हिन्दू की होती है। लिहाजा चारधाम यात्रा के दौरान बुजुर्गों को बेहद कठिनाई भी झेलनी पड़ती है, लेकिन इस बार चारधाम यात्रा बेहद सुगम और आसान होगी। भगवन के घर की राह सरल तो होगी। साथ ही इस बार चारधाम यात्रा देश-दुनिया को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के साथ स्वच्छता की भी अलख जगाएगी। उत्तराखंड राज्य को



प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए अब चारधाम यात्रा मार्ग पर इलेक्ट्रिक वाहन फरार्टा भरेंगे।

आरटीओ सुनील शर्मा ने बताया कि इस बार इलेक्ट्रिक वाहन चाहे वह कामर्शियल हों या निजी, उन्हें चारधाम आने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए चारधाम यात्रा मार्ग पर चार्जिंग स्टेशन की व्यवस्था की जा रही है। चार्जिंग स्टेशन की संपूर्ण जानकारी लोग एप के माध्यम से ले सकेंगे। दरअसल, फरवरी 2018 में संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक में वाहनों से लगातार बढ़ रहे प्रदूषण पर चिंता जताई गई थी। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा की तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो गई हैं। 10 मई को गंगोत्री-यमुनोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ चारधाम यात्रा की विधिवत शुरूआत हो जाएगी।

चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों को पहले से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए स्वास्थ्य महकमे ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। स्वास्थ्य विभाग का देश-दुनिया को सुरक्षित यात्रा कराने का लक्ष्य है। इसके लिए केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर विशेष फोकस है।

# चोरी के मामले में वांछित पांच अभियुक्त हुये गिरफ्तार गए जेल

## चोरी की 6 बाइक दो जनरेटर कटर सात जोड़ी जूता एवं अवैध तमंचा हुआ बरामद





**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में संलिप्त पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 6 बाइक दो जनरेटर एक कटर सात जोड़ी जूता अबैध तमंचा व कारतूस बरामद करने में मेजा पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। उल्लेखनीय है कि थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय के निर्देश पर मेजा थाने के उपनिरीक्षक बलवंत यादव सुभाष गौतम अरविंद कुमार लेखपाल सिंह तथा उपनिरीक्षक बृजेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम रविवार को चोरी की घटनाओं में संलिप्त अभियुक्त सौरभ मिश्रा उर्फ आकाश पयासी पुत्र मनोज मिश्रा निवासी उरुवा मेजा व सुनील कुमार पुत्र कमाता प्रसाद निवासी तोड़िहार मेजा व फिरदौस पुत्र मोहम्मद जमाल निवासी लेहडी मेजा व जगजीत दुबे उर्फ छोटू पुत्र शत्रुघ्न लाल निवासी टाई सरैया मेजा व अतीक अंसारी पुत्र असी मोहम्मद निवासी अमिलिया कला मेजा को मैदनिया पुल के आगे मेजारोड की तरफ बिरतिया गांव के समीप स्थित शराब के ठेके के पास से गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि गिरफ्तार अभियुक्तों की निशान देही पर अलग अलग स्थानों से युक्त सामग्री पुलिस ने बरामद करने में बड़ी कामयाबी हासिल किया है। गौरतलब है कि मेजा पुलिस की इस कामयाबी पर पुलिस उपायुक्त यमुनानगर श्रीमती श्रद्धा नरेंद्र पांडेय व सन 2020 ई के एडिशल एसपी अभिजीत आनन फानन में मेजा थाने पहुंचे और स्थानीय मीडिया का प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर सम्पूर्ण मामले का खुलासा करते हुए मेजा पुलिस की पीठ थपथपाई। बता दें कि मेजा पुलिस द्वारा गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। इस दौरान एसीपी मेजा के अलावा थाना प्रभारी मेजा एवं समस्त स्टाफ के लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

> क्षेत्र में अपराध एवं अपराधिक गतिविधि में संलिप्त किसी भी अपराधी को खुलेआम घूमने नहीं दिया जाएगा चाहे वह कितना ही पहुंच वाला क्यों न हो। उसे किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा।
>
> **– श्रद्धा नरेंद्र पांडेय पुलिस उपायुक्त यमुनानगर**

## गर्मी में करें बचाव बीमारी से रहे सावधान

**सहसों।** नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहसों में रविवार को स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र से आए हुए 81 मरीजो का परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श के साथ दवाई दी गई। इसके अतिरिक्त बच्चों, गर्भवती माता एवं बुजुर्ग तथा लंबी बीमारी से ग्रस्त लोगों को को धूप से बचने तथा पोषक आहार लेने की सलाह दी गई। इस मौके पर विभिन्न प्रकार के 29 लोगों की जांच की गई। इस अवसर पर चिकित्सा प्रभारी डॉ विमल चौरसिया ने उपस्थित लोगों से कहा कि इस भीषण गर्मी में धूप में निकलने से पहले सिर पर गमछा, तन को ढके हुए पूरे कपड़े जरूर पहनें तथा घर से निकलने से पहले आवश्यकता अनुसार जल ग्रहण करके ही निकले। यदि तेज सिर दर्द,चक्कर ,बेहोशी महसूस होने पर तत्काल पानी पिए, किसी ठंडी छांव में बैठकर आराम कर पानी का प्रयोग अधिक करे।ज्यादा तकलीफ महसूस होने पर पास के किसी अस्पताल में जाकर तत्काल इलाज कर स्वास्थ्य लाभ लें। अन्यथा इसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं। इस मौके पर फार्मासिस्ट रमाकांत, स्टाफ नर्स रोमी सिंह, कमल भानु आदि उपस्थित रहे।

# बिटोला देवी गौ सेवा संस्थान प्लांट में लगी आग



**जंघई।** श्रीमती बिटोला देवी गौ सेवा संस्थान हरिपुर, मिश्रपुर के द्वारा हरिपुर में अमृतधरा जैविक खाद प्लांट में अंबेडकर स्वरोजगार योजना के अंतर्गत जैविक खाद गायत्री आजीविका स्वयं सहायता समूह के सहयोग से बनाया जाता है। जैविक प्लांट लगभग तीन एकड़ में फैला है एक दर्जन से ज्यादा मजदूर काम करते है देर रात तकरीबन 11 बजे प्लांट में अज्ञात लोगों ने आग लगा दिया संस्थान के सचिव शिव कुमार तिवारी तेजस्वी को इसकी सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड व 100 नंबर पर सूचना दिया मौके पर पहुंच कर तकरीबन 45 मिनट में कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड के लोगों ने आग पर काबू पाया। दो हजार पुआली व तकरीबन एक सौ पचास किलो केचुआ आग की लौ से मर गये।

# भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में किया गया जनसंपर्क



**मेजा।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में रविवार को प्रदीप त्रिपाठी ( प्रतिनिधि नीरज त्रिपाठी ) व अभिजीत सोनकर तथा भरत पाल पुत्र स्वर्गीय भगवतपाल पूर्व मंत्री नरेंद्र कुमार तिवारी के साथ मेजा के खानपुर ,सोरांव, पसना, सिरियारी मैलहा तथा कोरांव के बड़ोखर, भवानीपुर, मानपुर, टुडिया देवघाट, भोगन, बसहरा, बितनीपुर, कोरांव, बभनपटी, बेलहट आदि गांव में लोगों से जन संपर्क किया। इस मौके पर डॉक्टर मोहरिल,अली, बब्बू अहमद,गुल मोहम्मद, राजेंद्र प्रसाद पाल, विकास सिंह, प्रमोद सिंह, राजेंद्र प्रताप सिंह, बृजेश भूतिया, लक्ष्मी नारायण पाल, नरेश पाल, संत शरण पाल, विजय बहादुर पाल, मनोज पाल, सर्वेश पाल, प्रकाश सिंह, संजय पांडे, रामसेवक मिश्रा, राजेंद्र मिश्रा, विनोद कुमार मिश्रा, शैलेंद्र कुमार मिश्रा, राम सुचित मिश्रा, राम रसीले मिश्रा, गांधी पांडे, पवन प्रकाश मिश्रा, जनार्दन मिश्रा, संजय पटेल, पवन पटेल, रमेश पटेल, दिनेश पटेल, रामसेवक प्रजापति, मनोज प्रजापति, विनय प्रजापति, राजू सोनकर, विनय आदिवासी, विमल आदिवासी, शैलेंद्र आदिवासी, रमेश, प्रेमपाल सिंह, विजेंद्र पाल सिंह, राजेंद्र प्रसाद तिवारी तथा राम आशीष तिवारी आदि के अलावा कई अन्य लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे। संपर्क की अगुवाई शिक्षक विधायक प्रतिनिधि पंकज तिवारी ने किया।

## कतिपय लोगों ने युवक को मारापीटा, जान बचाकर तालाब में कूदा

**मऊआइमा।** बाइक से जरुरी काम से जा रहे युवक को पकड कर जम कर पीटा गया जान बचाकर तालाब में कूद कर जान बचाई। पुलिस ने एक नामजद अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मरखामऊ निवासी सत्य प्रकाश मौर्या पुत्र छेदीलाल बाइक से जरूरी काम से जा रहा था। जैसे लूट मार चौराहे पर पहुंचा मोबाइल पर फोन आने पर वह बात करने लगा। आरोप है कि कतिपय लोगों ने उसे गालियां देते हुए मारे पीटे और जान से मारने की धमकी दी।सत्य प्रकाश मौर्या का आरोप है कि वह जान बचाकर तालाब में कूद कर अपनी जान बचाई। सत्य प्रकाश मौर्या ने मऊआइमा थाना में बारूद,तथा पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# किसानों की तरक्की व युवाओं को रोजगार के लिए बनाए इंडिया गठबंधन की सरकार : उज्जवल रमण

## कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित हुआ विभिन्न दलों का कार्यकर्ता सम्मेलन

**अखंड भारत संदेश**



**कोरांव।** किसानों की तरक्की व देश में युवाओं के रोजगार व अपने वाजिब हक अधिकार के लिए इंडिया गठबंधन की सरकार बनाएं। क्योंकि भाजपा के लोग ठगने, छलने व बेईमानी करने का काम किए हैं। यह बातें इंडिया गठबंधन कांग्रेस पार्टी के प्रयागराज संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंवर उज्जवल रमण सिंह ने कोरांव बाजार के भागीरथी गार्डन में आयोजित इंडिया गठबंधन के सभी दलों के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। सम्मेलन को प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता कुंवर रेवती रमण सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री शेखर बहुगुणा,पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह, पूर्व विधायक रामकृपाल कोल कार्यक्रम आयोजक तथा मेजा सपा विधायक संदीप पटेल आदि बड़े नेताओं ने संबोधित कर भाजपा की नीतियों पर तंज कसा और भाजपा पर जन विरोधी व पूंजी पतियों की सरकार होने का आरोप लगाया। सांसद उम्मीदवार कुंवर उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि भाजपा देश के 22 लोगों को अमीर बनाने का काम करती है। किसानों की आय दोगुनी करने तथा युवाओं को रोजगार हेतु किए गए वादे से मुकर गई। इसलिए देश व क्षेत्र के विकास के लिए इंडिया गठबंधन की सरकार बनाना जरूरी है। कार्यकर्ता सम्मेलन को कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के कई प्रदेश स्तरीय नेता तथा समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी जिला उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश शुक्ला समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य सोमदत्त सिंह पटेल, छात्र मंच के राष्ट्रीय सचिव प्रमोद मिश्र पयासी, महासचिव रवींद्र जैसल राजेश पांडेय, उम्शंकर सिंह, शहादत अली, महताब खान, राजू चौबे, आदि वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ललन सिंह पटेल पूर्व जिला पंचायत सदस्य, पवन सोनकर, समेत भारी संख्या में कांग्रेस सपा व आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बहन की डोली उठने से पहले भाई की उठी अर्थी, शहनाई वालें घर में मातम



**करछना।** प्रयागराज क्षेत्र के करेहा गांव में शनिवार को एक घर में बारात आई थी जिसमें सुबह रविवार को बहन की शादी के बाद डोली उठाने का जैसे नजदीक समय हुआ कि नव विवाहित बहन की डोली उठें कि उसके भाई की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई शादी वाले घर में जहा हंसी खुशी का माहौल रहा वहा मातम में बदल गया, जानकारी के अनुसार करेहा गांव निवासी रवि कुमार प्रजापति 18 वर्ष पुत्र पन्ना लाल प्रजापति की बहन की शादी शनिवार को थी और रविवार को सुबह विदाई के चंद घंटे पहले रवि प्रजापति करेंट की चपेट में आ गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई हालांकि करंट लगने के बाद परिजन आनन फानन में रवि को अस्पताल से कर गए लेकिन डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया जिससे शहनाई वालें घर में मातम छा गया।

## नगरवार यमुना घाट के समीप मिला अज्ञात शव,हड़कंप

**लालापुर।** क्षेत्र के नगरवार यमुना घाट के समीप रविवार को एक अधेड़ का शव मिला तो ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।ग्रामीणों को लालापुर पुलिस को सूचना दिया तो थानाध्यक्ष लालापुर टीम के साथ यमुना घाट पर गये और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। नगरवार यमुना घाट पर अज्ञात का शव मिला।सूचना पर पहुंची लालापुर पुलिस ने आस पास के ग्रामीणों को बुलाकर शव की पहचान कराया परंतु कोई पहचान नहीं पाया।पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।अज्ञात का शव मिलने से गांव में तरह तरह की चर्चा हो रही है।ग्रामीणों का कहना है कि अगर क्षेत्र का शव होता तो पहचान हो जाती।यमुना घाट पर अज्ञात का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।थानाध्यक्ष ने बताया कि शव काफी पुराना लग रहा था।लगता है किसी ने रेत में दफना दिया था तेज हवा चलने से बालू हट गई जिससे शव ऊपर आ गया।उधर ग्रामीण कहते हैं कि शायद घाट पर आने वाला कोई मजदूर व ट्रक का ड्राइवर हो सकता है।

## दलित को घर से ले जाकर पेड में बांध कर मारा पीटा गया, बेहोश लहूलुहान होने पर छूटे

**मऊआइमा।** एक दलित युवक का आरोप है कि गांव के कतिपय लोग उससे रंजिश रखते हैं। आरोप है कि उसे पकड कर रात में पेड में बांध कर मारे पीटे बेहोश होने पर छोडा। पुलिस ने एक नामजद दो अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बालाडीह भगवान दीन का पूरा निवासी मोहनलाल पासी उर्फ नेता पुत्र माता फेर का आरोप है कि वह नागपुर में रोजी रोटी के सिलसिले में रहता है। आज कल घर आया है।आरोप है कि वह अपने दोस्त के यहां लेटा था।तभी गांव के कतिपय लोग उसे पकड कर सुबाला मन्दिर के पास पेड में बांध कर जमकर मारे पीटे जाति सूचक गालियां देते हुए मार पीट कर लहुलुहान कर बेहोश कर दिए कहे तेरी पत्नी मेरी रखैल है।मार पीट कर लहुलुहान कर बेहोश कर दिए।किसी तरह ग्रामीणों ने उसे छुडाया। भयभीत मोहनलाल पासी उर्फ नेता किसी तरह थाने आकर लालबहादुर यादव पुत्र राजाराम तथा दो अज्ञातों के खिलाफ मार पीट एससी एसटी एक्ट आदि में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## जमीनी विवाद को लेकर घर में घुस कर मारा पीटा गया और तोड़ फोड की गयी

मऊआइमा। मऊआइमा इलाके के एक गांव में जमीनी विवाद को लेकर घर में घुस कर मारा पीटा गया और तोड फोड की गयी। पुलिस ने सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कहली झलियाही निवासी राम कृपाल पुत्र रामफेर का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर पडोसी उसके घर में घुस कर मारे पीटे जान से मारने की धमकी देते हुए तोड फोड किए।राम कृपाल ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर गांव के ही प्रदीप कुमार, संदीप कुमार, दर्शन, बलराम, आशीष ,मनीष, केशव के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## न्यूज झरोखा

### मांडा में अपहरण के मामले में बाल अपचारी गिरफ्तार



**मांडा।** क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक किशोरी के अपहरण के मामले में भुक्तभोगी के तहरीर पर 18जनवरी को आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। वहीं पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 28 अप्रैल को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।गौरतलब हो कि मांडा थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक किशोरी के अपहरण के मामले में आरोपी को 28 अप्रैल को आरोपी के घर से मांडा उप निरीक्षक सन्नेश बाबू गौतम ने पुलिस टीम के साथ आरोपी गांव निवासी सैबसा अजय कुमार गौंड पुत्र स्व छोटे लाल को गिरफ्तार कर लिया। और आरोपी के विरुद्ध अपहृत सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा कर न्यायालय भेज दिया है।

### खखैचा में सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का कार्यक्रम संपन्न



**जंघई।** गहरपुर, खखैचा में वेद शास्त्र आदि के प्रकांड विद्वान तथा गुरुकुल संचालक एवं संस्कृत विद्यालय में सहायक अध्यापक रूप में सेवा दे रहे आचार्य धीरज द्विवेदी याज्ञिक ने सनातन धर्म परंपरा का निर्वहन करते हुए अपने तीनों पुत्रों चि. यज्ञदत्त द्विवेदी, शिवदत्त द्विवेदी, कृष्णदत्त द्विवेदी का काशी एवं प्रयागराज के वेदज्ञ आचार्यों द्वारा पूरे विधि विधान से यज्ञोपवीत जनेऊ संस्कार कराया।इस धार्मिक कार्यक्रम के पहले श्रीरामचरितमानस का पाठ तथा कार्यक्रम के बाद कवि सम्मेलन और भंडारे का भी आयोजन हुआ।इस अवसर पर आचार्य पवन शुक्ल, आचार्य उपेंद्रनाथ तिवारी, आचार्य विकास मिश्र, आचार्य कौशल वैदिक, आचार्य साधू तिवारी, आचार्य चंद्रभूषण तिवारी, आचार्य अंकित तिवारी, अभिनव द्विवेदी, आलोक द्विवेदी, कवियत्री ऋतु पाण्डेय त्रिधा, कवि देवीप्रसाद पांडेय, कवि कमलेश पांडेय कमल, कवि निखिलेश मालवीय, कवि अमित आनंद शर्मा, इं. रजनीकांत पांडेय, सहायक समीक्षा अधिकारी हाईकोर्ट प्रयागदत्त तिवारी, भरत लाल दुबे हाइकोर्ट, एडवोकेट हौसिला प्रसाद दुबे हाइकोर्ट, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, जगदीश शुक्ल, फूलकुमारी द्विवेदी, सुमन तिवारी, सुशीला तिवारी, कमलादेवी, ज्योति रमा द्विवेदी, रेखा द्विवेदी, विष्णुदत्त वेद, देवदत्त वैभव, कान्हा आदि सहित क्षेत्र के तमाम प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे।

### हत्या के अभियुक्त थाना कोरांव पुलिस द्वारा गिरफ्तार

**कोरांव।** पंजीकृत मु0अ0सं0 96/2024 धारा 302/34 भा0द0वि0 से सम्बन्धित अभियुक्त अजीत कुशवाहा पुत्र शिवशंकर निवासी पचेड़ा थाना कोरांव जनपद प्रयागराज को थाना कोरांव पुलिस द्वारा आज दिनांक 28.04.2024 को मुखबिर की सूचना पर बढ़वारी पुलिया के पास थाना क्षेत्र कोरांव से गिरफ्तार किया गया। जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही। हत्या अभियुक्तों की गिरफ्तारी खुद थाना प्रभारी कोराव राकेश कुमार भारती ने की। उनके साथ भरत सिंह हेड कांस्टेबिल,कांस्टेबिल राज कुमार राय शामिल रहे।

### कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर जख्मी मुकदमा दर्ज

मऊआइमा । बाइक से घर जा रहे युवक को कार ने टक्कर मारी, जिससे बाइक सवार जख्मी हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रतापगढ़ के मल्हूपुर देवगलपुर निवासी मोहम्मद अतीक पुत्र तैय्यब अली बाइक से घर जा रहा था। बताया गया है कि जैसे वह दुबाही पुलिया के पास पहुंचा कार ने टक्कर मार दी। जिससे अतीक को गंभीर चोटें आयी है। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 30 से

**मेजा।** क्षेत्र के कुशालपुर गांव निवासी ब्रह्मदीन त्रिपाठी एवं उनकी पत्नी अनारकली के नेतृत्व में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 30 अप्रैल से किया गया है। उक्त आशय की जानकारी भागवत कथा के आयोजक ने देते हुए बताया कि यह ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम अन्तर्राष्ट्रीय कथा ब्यास जगतगुरू रामानंदाचार्य स्वामी बल्लभाचार्य महाराज के द्वारा संपन्न होगा। तत्पश्चात 7 मई को महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

# आगामी रविवार 5 मई को नीट की परीक्षा के लिए डॉ आर के कुशवाहा ने दिए कुछ टिप्स



**कोरांव।** कोरांव सुकृत अस्पताल के डॉक्टर आर के कुशवाहा प्रेस वार्ता में नीट की परीक्षा के बारे में जानकारी दी है। नीट यूजी एक्जाम के लिए कुल 2381833 कैंडिडेट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है. एमबीबीएस की 106333 सीटें इस एग्जाम का मुख्य लक्ष्य है। एग्जाम के विषय में डॉक्टर आर. के. कुशवाहा का इंटरव्यू लिया गया, जिसका कुछ अंश इस प्रकार है.

**सबसे पहले आप अपने एग्जाम एवं तैयारी के विषय में बताएं**

मैंने एमबीबीएस में 1997 में दाखिला लिया था। तब से अब तक एग्जाम के पैटर्न, सीट्स एवं कैंडीडेट्स की संख्या में काफी बदलाव आया है।

**मेरी तैयारी**

बनारस के प्रतिष्ठित उदय प्रताप इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट करने के तत्काल बाद हमने ऑल इंडिया पीएमटी दिया था। क्योंकि मेरे परिवार में पहले से कोई डॉक्टर नहीं था इसलिए सारी तैयारी हमें अपने स्तर पर ही करनी पड़ी। कोचिंग थीं लेकिन काफी कम थीं। इंटरमीडिएट के एग्जाम देने के पश्चात एक माह का समय था जिसमें मैंने तैयारी किया। ऑल इंडिया पीएमटी में बहुत अच्छी रैंक नहीं आई और रांची मेडिकल कॉलेज में मैंने एडमिशन लिया। चुँकि पिताजी की इंजीनियरिंग की शिक्षा रांची से हुई थी तो वहां से उनका लगाव था और उनकी इच्छा थी कि मैं वहां से एमबीबीएस करूँ। परंतु हमें अपने ऊपर विश्वास था, हमने एडमिशन कैंसल करा लिया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय में रहकर मैंने एक वर्ष तैयारी की एवं 1997 में मेरा सेलेक्शन ऑल इंडिया, बीएचयू, एवं सीपीएमटी (यूपी पीएमटी) तीनों जगह हुआ। सीपीएमटी में मेरी रैंक अच्छी आई। लगभग 83000 कैंडिडेट्स में से मेरी सामान्य रैंक 53 थी। किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ में मेरा दाखिला हो गया। एग्जाम में अब काफी कम समय बचा हुआ है। बेहतर रिजल्ट के लिए मैं विद्यार्थियों को कुछ टिप्स देना चाहूंगा.

**अपनी दिनचर्या में बहुत बदलाव न करें**

कई विद्यार्थी सुबह जल्दी उठकर पढ़ाई करना पसंद करते हैं, कुछ विद्यार्थी देर रात तक पढ़ना पसंद करते हैं, कुछ बेड पर पढ़ते हैं कुछ टेबल कुर्सी पर पढ़ते हैं, अलग-अलग च्वाईस है। जिस तरह से पढ़ाई कर रहे हैं करते रहें बहुत बदलाव करने का प्रयास न करें। बदलाव करना है तो एग्जाम के बाद एवम धीरे-धीरे करें।

**अन्य लोगों का अंधानुकरण न करें।**

हर व्यक्ति का परिवेश, माता-पिता के शिक्षा, आर्थिक स्थिति, सोंचने का तरीका अलग-अलग होता है। किसी अन्य का हू बहू नकल करने पर आपकी क्षमता कम हो सकती है। अपनी सुविधा के अनुसार पढ़ाई करें।

**टेस्ट पेपर अवश्य दें।**

यदि आपके पास टेस्ट पेपर नहीं हैं तो नेट से डाउनलोड कर लें एवं प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से 4:45 तक पूर्ण रूप से तैयार होकर टेस्ट अवश्य दें। यह नए चैप्टर पढ़ने अथवा रिवीजन करने से भी ज्यादा उपयोगी है। बिल्कुल शांत कमरे में टेबल कुर्सी लगाकर पूर्ण रूप से तैयार होकर टेस्ट देना चाहिए । एग्जाम में भले ही 200 मिनट मिलते हैं परंतु टेस्ट के लिए लगभग 20 परसेंट कम समय लें।

**घबराहट बिल्कुल ना रखें**

घबराहट की वजह से गलतियां हो ही सकती हैं साथ ही साथ क्षमता भी प्रभावित होती है। पढ़ी हुई बातें भूल सकते हैं, गलत आंसर मार्क कर सकते हैं।

**अमूमन 7 घंटे की नींद अवश्य लें।**

कम सोने से एकाग्रता कम होती है, ज्यादा सोने से सर दर्द, आलस्य एवं समय का नुकसान होता है। सोने एवं जगने का समय यदि नियत रहे तो ज्यादा अच्छा है।

एग्जाम में जाने के पहले हल्का नाश्ता अवश्य करें। खाली पेट रहना एवं ज्यादा भोजन लेना, दोनों एग्जाम में एकाग्रता को कम कर सकता है।एग्जाम के लगभग 2 घंटे पहले पढ़ना बंद कर देने से कई विद्यार्थियों में अच्छा परिणाम आता है।

**सकारात्मक विचार रखें**

नकारात्मक बातें आपकी पढ़ाई एवं एग्जाम में परफॉर्मेंस को नकारात्मक दिशा दे सकती है।

स्वयं से कंपटीशन करें

प्रतिदिन बीते हुए कल की गलतियों को सुधारने का प्रयास करना है और बीते हुए दिन से ज्यादा अच्छा कार्य करने का प्रयास करना है।

सभी नीट परीक्षार्थियों को को हमारी तरफ से शुभकामना आप सभी कामयाब हों, क्षेत्र के चिकित्सा स्तर को और आगे बढ़ाएं।

## श्रीमद् भागवत कथा के उपरांत हवन यज्ञ कर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

**सहसों।** सहसों स्थिति अशोक कुमार केसरवानी के संयोजन में सप्त दिवसीय चली संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के उपरांत बने यज्ञशाला में श्रद्धालु भक्तों ने आचार्य विद्वान द्वारा वैदिक मंत्रों से यज्ञ कुंड में आकृतियां डाली गई। हवन यज्ञ के पश्चात भगवान जगन्नाथ जी का महाप्रसाद भात एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने पहुंचकर महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बने। इस मौके पर यज्ञाचार्य पं. विमल शुक्ला ने जीवन में भक्ति व मुक्ति के लिए पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ श्री कृष्ण, बलराम एवं सुभद्रा के विषय में विस्तार से बताते हुए चार धाम यात्रा, श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण के उपरांत महाप्रसाद के आयोजन से पुन्य का लाभ प्राप्त होता है। भगवान जगन्नाथ श्री कृष्ण की महिमा अपरंपार है। हर मनुष्य को अपने जीवन काल में एक बार भगवान जगन्नाथ जी का दर्शन कर दान, पुण्य अवश्य करना चाहिए। जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ यानी जीवन काल में भगवान जगन्नाथ का दर्शन एवं महाप्रसाद ग्रहण कर जीवन को सफल बनाएं। इस अवसर पर अनूप केशरवानी, अजय कुमार केसरवानी, अंकित केसरवानी, जिला कोषाध्यक्ष भाजपा गंगापार आशीष केसरवानी, चंद्रेश कुमार केसरवानी, सोहनलाल केसरवानी, शिव बाबू केसरवानी, राजा केसरवानी, राहुल साहू , कृष्ण गुप्ता सहित भारी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

# बांसमंडी में आग से मची अफरा तफरी लाखों का सामान जला

## दमकल की 8 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया, 3 घंटे तक जूझे फायर कर्मी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र के बासमंडी इलाके में सुबह भारत टिंबर स्टोर में आग लगने से अफरातफरी मच गई। नीचे शॉप और ऊपर गोदाम है। प्लाईवुड, लकड़ी व अन्य सामान भरा होने की वजह से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। कंट्रोल रूप से सूचना प्रसारित होने के बाद दो फायर टेंडर समेत दमकल की 8 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।करीब तीन घंटे तक तक लपटें विकराल रूप धारण किए रहीं। इससे आसपास के दुकानदार और घरों के लोग परेशान रहे। एहतियात के तौर पर बगल के मकानों में रहने वाले लोगों को घर से बाहर कर दिया गया।




फायर कर्मी, पुलिसकर्मी तीन घंटे तक जूझे तक आग बुझाई जा सकी।फायर स्टेशन सिविल लाइंस, मुंडेरामंडी, नैनी, सोरांव से गाड़ियां मंगाई गईं। धुआं भर जाने की वजह से फायर कर्मियों को काफी दिक्कत हुई। आग लगने से लाखों का नुकसान बताया जा रहा है। भारत टिंबर स्टोर के मालिक प्रदीप भगत हैं। उनका कहना है कि रात में दस बजे के करीब दुकान बंद की गई थी। माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग फैली। हालांकि सीएफओ का कहना है कि जांच के बाद ही आग लगने का कारण साफ हो सकेगा। नुकसान का आंकलन भी बाद में किया जा सकता है। दो मंजिला इमारत में रखा ज्यादातर सामान जलकर खाक हो गया।

## संविदा बिजली कर्मी फांसी लगाकर दे दी जान

**घूरपुर।** घूरपुर थाना क्षेत्र के करमा बाजार के रहने वाले संविदा बिजली कर्मी मनमोहन पटेल उर्फ सुग्गा (40) वर्ष पुत्र सुरेश कमरे के अंदर बिजली केबिल तार से सीलिंग कटिया में फांसी लगाकर जान दे दिया। सूत्रों के अनुसार वह शुक्रवार रात घर के अंदर सोने के लिए गया था और शनिवार दिन भर बाहर नहीं निकला। शाम को घर वाले परेशान हुए तो देखा दरवाजा अंदर से बंद था। करमा पुलिस चौकी प्रभारी प्रीत कुमार पांडेय ने बताया कि शिवम पुत्र रतनलाल लगभग सात बजे जानकारी दिया की चाचा मनमोहन अंदर हैं। और कमरे का दरवाजा बंद है। आवाज देने पर कोई आवाज नहीं आ रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस कमरे का बंद दरवाजा को तोड़ा तो देखा गया कि मनमोहन सीलिंग कटिया में मृत लटका हुआ है। पुलिस लाश को बाहर निकली। पुलिस देर रात शव का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## माफिया अतीक अहमद के गनर ने किया बड़ा खुलासा, पुलिस कर्मियों पर लगाए गंभीर आरोप

**प्रयागराज।** माफिया अतीक के गनर रह चुके एहतेशाम करीम पुलिस कस्टडी रिमांड (पीसीआर) पर कई पुलिसकर्मियों को कटघरे में खड़ा किया है। उसके बयान के आधार पर संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच शुरू हो गई है। एहतेशाम करीम ने बताया कि हत्याकांड के समय अतीक अहमद ने खुद को बीमार बताया था। कुछ डॉक्टर भी बुलाए थे। मगर यह पूरी

तरह से सही नहीं था। उसने यह भी कहा कि माफिया अतीक के साथ मिलकर उस वक्त कई पुलिसकर्मियों ने अवैध काम किया था। एहतेशाम ने पुलिस को कटघरे में खड़ा किया अतीक अहमद की दबंगई का समर्थन करते हुए उसके लिए जमीन पर कब्जे से लेकर दूसरे अपराध में भी पुलिसकर्मी अपनी-अपनी भूमिका निभाते थे। एहतेशाम ने ऐसे ही कई पुलिसकर्मियों का नाम बताया है। पुलिस अधिकारियों ने उसके बयान के आधार पर संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। सभी के खिलाफ साक्ष्य भी संकलित किए जा रहे हैं। पुलिस ने एहतेशाम करीम को बताया अतीक का गनर बीते वर्ष माफिया अतीक के फाइनेंसर हिस्ट्रीशीटर मोहम्मद मुस्लिम की तहरीर पर खुल्दाबाद पुलिस ने अली, उमर, एहतेशाम समेत कई के खिलाफ रंगदारी सहित कई धारा में मुकदमा लिखा था। उसने कोर्ट में सरेंडर किया, जिसके बाद शुक्रवार को उसे पीसीआर पर लेकर तमंचा बरामद किया गया था। पुलिस का कहना है कि बसपा विधायक राजूपाल हत्याकांड के समय भी एहतेशाम करीम माफिया अतीक का गनर था।

# जमीन के मारपीट में मूकबधिर महिला की मौत, मुकदमा

**सोरांव।** थाना क्षेत्र के तवकलपुर गांव में पिछले कई दिनों से एक जमीन को कब्जा करने को लेकर दो पक्षों में मामूली विवाद हुआ था। और दोनों पक्ष सोराव थाने में अपनी-अपनी शिकायती पत्र भी दिए थे। जिसको लेकर पुलिस विवादित जमीन पर काम करने के लिए मना कर दी थी और दोनो पक्षों का शांति भंग में चालान भी कर दिया था।

रविवार की सुबह लगभग 8 बजे एक पक्ष विवादित जमीन पर कब्जा कर रहा था अभी पीड़ित पक्ष मना करने लगा। जिसमें दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। तथा एक महिला की मौत भी हो गई। मामले को लेकर पीड़ित पक्ष थाने पर शिकायती पत्र देकर आधा दर्जन नाम लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया है पुलिस जांच कर रही है।

इलाके के तवकलपुर निवासी बच्चा लाल यादव पुत्र रामशरण का आरोप है कि रविवार को आरोपीगण



राम औतार,अंकित, आदित्य उर्फ नाटे,अनुज, अनिल तथा जय सिंह अपने कुछ साथियों के साथ विवादित जमीन पर अवैध असलहा के साथ कब्जा करने की नियत से पहुंचे और जमीन पर कब्जा कर रहे थे। तभी पीड़ित बच्चा लाल ने मना किया तो आरोप है कि आरोपीगण जमकर लाठी, डंडा तथा लोहे की रॉड से हमला कर दिए जिसको लेकर सरिता, दीपक, अंतिम, भोला व पीड़ित की पत्नी प्रेमलता को जमकर चोटें आई। वहीं घायल प्रेमलता जान बचाने के लिए घर के अंदर चली गई। तो आरोपियों ने घर के अंदर घुसकर उसकी जमकर पिटाई कर दिए। जिससे प्रेमलता के सिर में गंभीर चोटे आई। मामले में थाना प्रभारी को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल प्रेमलता को इलाज के लिए सोरांव सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां पर हालात नाजुक देख डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में जाते समय प्रेमलता (मूकबधिर) 45 की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही मृतक के पति बच्चा लाल (दिव्यांग) की तहरीर पर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस जांच में जुटी है।

**.. थाना प्रभारी सतीश कुमार का कहना है कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी जी जायेगी।**

## विजय का आशीर्वाद लेने भाजपा पहुंचेगी साधु संतों के द्वार

**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव के लिए मैदान में उतर चुकी भाजपा अपनी चुनावी तैयारी में किसी भी मोर्चे पर कोई कमी छोड़ना नहीं चाहती और पार्टी ने एक-एक मतदाता तक पहुंचने के लिए टीम का गठन किया है भाजपा जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि मठ मंदिरों के पुजारी अपने-अपने क्षेत्र के समाज में बड़ा प्रभाव रखते हैं इसी को देखते हुए पार्टी की ओर से उनसे आगामी लोकसभा के चुनाव में पार्टी की जीत के लिए आशीर्वाद मांगने के लिए मठ मंदिर टीम की टोली का गठन किया है जो विजय का आशीर्वाद लेने साधु संतों के द्वार पहुंचेंगे और मठ मंदिरों के पुजारियों से जनसंपर्क कर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के द्वारा धार्मिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्र के विकास के लिए किए गए कार्यों को अवगत कराया।

# नए पुल पर ई-रिक्शा चालक की लापरवाही से बाइक सवार युवक की गई जान, हादसा सीसीटीवी में कैद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नए यमुना पुल पर ई-रिक्शा चालक की लापरवाही के चलते बाइक सवार एक युवक की जान चली गई। हादसे का पूरा वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया है। अपने लेन पर जा रहे ई-रिक्शा चालक ने अचानक यूटर्न ले लिया। इसके चलते तेज रफ्तार से आ रहा बाइक सवार रिक्शे से टकरा गया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।नए यमुना पुल पर ई-रिक्शा चालक की लापरवाही से 21 वर्षीय युवक की जान चली गई। हादसा शनिवार दोपहर हुआ। बाइक सवार युवक शहर से नैनी की



ओर जा रहा था। इसी दौरान मिंटो पार्क के सामने नए यमुना पुल पर आगे चल रहे ई रिक्शा चालक ने अचानक यू टर्न लिया। इससे बाइक सवार युवक ई रिक्शा में जा टकराया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक का नाम आकाश सिंह पुत्र अश्वनी कुमार सिंह निवासी चाका नैनी है। उसके शव का पोस्टमार्टम रविवार को कराया जा रहा है। कीडगंज इंस्पेक्टर दीपा सिंह ने बताया कि अज्ञात ई रिक्शा चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, उसकी तलाश की जा रही है।

# ट्रेन में गैस सिलेंडर के साथ युवक को पकड़ा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** आम्रपाली एक्सप्रेस ट्रेन में रविवार को गैस सिलेंडर पकड़े जाने के बाद उत्तर मध्य रेलवे ने एडवाइजरी जारी की है। प्रयागराज मंडल के डीआरएम हिमांशु बडोनी ने सभी स्टेशनों पर जांच के आदेश दिए हैं। प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, अलीगढ़, टूंडला, इटावा, मैनपुरी, मिजार्पुर, सोनभद्र, विंध्याचल समेत सभी रेलवे स्टेशनों पर टीमें लगाई हैं। यह टीम ट्रेनों में सफर करने वालों पर निगाह रखेगी कि कोई गैस सिलेंडर या फिर अन्य कोई वस्तु न ले जाए जिससे आग का खतरा हो।

**गोरखपुर के यात्री को आरपीएफ ने पकड़ा :** प्रयागराज मंडल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया, रेलवे सुरक्षा बल हाथरस के दरोगा कृष्ण कुमार ने चेकिंग के दौरान ट्रेन नंबर 15708 आम्रपाली एक्सप्रेस में अलीगढ़ से गोरखपुर यात्रा कर

**ट्रेनों की सुरक्षा को लेकर डीआरएम ने जारी की एडवाइजरी, बोले- सभी स्टेशनों पर करें चेकिंग**




रहे यात्री के पास एक छोटा गैस सिलेंडर पकड़ा। शफीउर्रहमान पुत्र अफाजुर रहमान,घोसीपुरा तिवारीपुर गोरखपुर के रहने वाला है। उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इसी के बाद आरपीएफ को और अलर्ट किया गया है कि वह यात्रियों के सामान की जांच करें।

## बुंदेला नदी पर पुल बनाने की क्षेत्रवासियों ने की मांग

**लालापुर।** लालापुर क्षेत्र के प्रतापपुर गांव के बुंदेला नदी पर वर्षो से क्षेत्रवासी पुल की मांग करते चले आ रहे है।नदी का आधा भाग जिला प्रयागराज तो वही आधा भाग जिला चित्रकूट,में होने की वजह से आज तक किसी जिम्मेदार ने इस नदी पर पुल बनाने की पहल नही किया।वही अगर इस पर पुल बन जाता है तो मऊ चित्रकूट की दूरी कम समय मे लोग तय कर लेंगे,अभी काफी चक्कर लगाकर शिवराजपुर होकर मऊ चित्रकूट जाना पड़ता है। ओ दूरी बिल्कुल कम हो जाएगी। दोनों जिले के जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी जनता के हित की ब खूबी से निभाते तो आज बुंदेला नदी पर पुल जरूर बन गया होता।लेकिन ऐसा नही है सिर्फ चुनाव के समय सभी वादे किए जाते है बाद में नतीजा शून्य ही रहता है। पड़ुवा ग्राम प्रधान दीपेश मिश्रा, भटपुरा ललापुर शंकरलाल पाण्डेय, विवेक शुक्ला उर्फ लाला शुक्ला अधिवक्ता, राजू द्विवेदी, मोती पाण्डेय, आदि क्षेत्रवासियों ने सरकार से मांग किया है कि इस नदी पर पुल जरूर बनवाए जिससे क्षेत्रवासियों की आवाजाही की दिक्कत हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी।

# चाईनीज मंझे से बाइक सवार हुआ लहूलुहान

## पत्नी-बच्चे के साथ किताबें लेने जा रहा था, नए पुल पर मंझा गिरा और बाइक पलट गई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में चाईनीज मंजे की वजह से लोगों के परेशानी बढ़ती जा रही है। पतंगबाज चाईनीज मंझे का इस्तेमाल जोरों पर कर रहे हैं। हाल की घटना नए यमुना पुल पर हुई। नैनी थाना क्षेत्र के गंजिया के रहने वाले अब्दुल खालिद बाइक से पत्नी और बच्चे को लेकर जा रहे थे। उन्हें सिविल लाइंस से स्कूल की किताबें खरीदनी थीं। नए यमुना पुल पर वह जैसे ही पहुंचे चाईनीज मंझा उनके आगे गिरा।

हाथ पर गिरा मंझा खिंचते हुए गर्दन तक पहुंच गया। हालांकि खालिद ने हाथों से मंझा झटकते हुए बाइक संभाली। इसके बाद मंझे की धार इतनी तेज थी कि हाथ कटा, फिर सीने पर मंझे से शरीर की खाल उधड़ गई। वह पत्नी, बच्चे समेत बाइक से गिर गए। मंझे से कटने की वजही से खालिद के हाथ सीने और



कंधे से खून बहने लगा। पुल से गुजर रहे राहगीर उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे। प्रावइेट अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।शिक्षिका, कारोबारी की जान पर बन आई थी ,चाईनीज मंझे की वजह से शहर में आए दिन लोगों की जान पर बन आती है। एक हफ्ते पहले हिम्मतगंज के पास चौफटका फ्लाईओवर पर मंझा गिरने से स्कूटी सवार निकहत की गर्दन कटने से बची थी। हालांकि गर्दन के कुछ हिस्से में जख्म हो गया था। हाथ से मंझा खींचने की वजह से हथेली कट गई थी। इसी प्रकार धूनमगंज में कपड़ा कारोबारी रजत कुमार की बाइक के आगे मंझा गिर था। इससे उनके हाथ की कोहनी पर जख्म हुए था। बाइक से गिरने की वजह से वह जख्मी हो गए थे।

## श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाकर किया जागरूक



**नैनी।** नैनी अरैल में सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के सौजन्य से रविवार को अरैल स्थित श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाकर आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम अधिकारी मनीष पांडे ने कहा कि स्वच्छता ही हमारे तन मन एवं मस्तिष्क को आगे बढ़ने की प्रेरणा में सहायक सिद्ध होती है। जिसके लिए हम सभी को सजग एवं जागरूक होने की जरूरत है। स्वच्छता अभियान के साथ साथ आज गंगा सेवक सुनील कुशवाहा के सुपुत्र निर्मल कुशवाहा का जन्मदिवस भी मनाया गया, जिसमें सम्मानित साथी राजकुमार विश्वकर्मा एवं संजय श्रीवास्तव द्वारा उन्हें माला पहनाकर जन्मदिवस की बधाई एवं आशीर्वाद प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कुंवर जी तिवारी, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, संदीप केसरवानी, आत्म प्रकाश यादव, बब्रुवाहन सिंह, अवनीश पांडेय, प्रवीण तिवारी, विनोद गुरानी, धीरज राजवानी, अभिषेक यादव, कार्तिकेय तिवारी, शनि पांडेय, तुलसी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# माघ मेला ड्यूटी में सक्रिय सदस्यों को एसपीओ टीम के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया सम्मानित





**नैनी।** नैनी क्षेत्र में विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम के वरिष्ठ अधिकारियों ने माघ मेला 2024 में ड्यूटी निस्वार्थ भाव से प्रशासन के दिशा निर्देश पर माघ मेला में सभी स्नान पर्व को सम्पन्न कराने में मुख्य भूमिका निभाते हुए सहयोग किये जिसमे मुख्य रूप से राम जी जायसवाल को मेला प्रभारी नियुक्त किया गया था तथा इन्होंने माघ मेला 2024 में अपना महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाते हुए मेला को संपन्न कराने में मुख्य भूमिका निभाई तथा इनके नेतृत्व में एसपीओ टीम के सभी सदस्यों ने मेला को संपन्न कराने में मुख्य भूमिका निभाई। जिसे आज नैनी में एसपीओ कार्यालय में एसपीओ टीम के प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली संगठन सचिव रविन्द्र थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा ने सभी सदस्यों को सम्मानित किया।इस दौरान एसपीओ प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली संगठन सचिव रविन्द्र सिंह थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा मेला प्रभारी रामजी जायसवाल समीर खान प्रदीप कुमार सुशील शर्मा संजीव वर्मा तौसीफ खान अश्विनी शर्मा आशीष केसरवानी सुरेन्द्र गुप्ता वसीम खान सलीम रहमान सुहेल अकरम राजू साहनी आदि सदस्यगण मौजूद रहे।







# सेवा भारती प्रयाग नैनी भाग का वार्षिकोत्सव माधव ज्ञान केंद्र खरकौनी में संपन्न हुआ

**नैनी।** नैनी सेवा भारती प्रयाग नैनी भाग का वार्षिकोत्सव माधव ज्ञान केंद्र खरकौनी में संपन्न हुआ सेवा भारती समिति प्रयागराज द्वारा संचालित सेवा भारती प्रयाग नैनी भाग का वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि रमेश कुमार प्रांत प्रचारक काशी प्रांत ने कहा कि जो अशिक्षित हैं उन्हें संस्कार वान के साथ शिक्षित बनाना ही सेवा भारती का संकल्प हैं जो समाज और परिवार का हिस्सा बनें तब समाज की उन्नति ही राष्ट्र की उन्नति हैं। मुख्य वक्ता युद्धवीर सिंह क्षेत्र सेवा प्रमुख पूर्वी यूपी ने कहा समाज का निर्माण सेवा भारती के द्वारा संचालित संस्कार केंद्रों के उत्कृष्ट शिक्षा से ही हुआ हैं जो बच्चों ने विभिन्न रूपों में प्रस्तुति व चित्रण दिखाया हैं वह बहुत ही सराहनीय हैं।संस्कार केंद्र आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए पथप्रदर्शक होगा। विशिष्ट अतिथि राहुल सिंह अध्यक्ष सेवा भारती समिति काशी प्रांत ने कहा ओम में ही सर्वशक्ति का रहस्य हैं।जो मानव जीवन को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता हैं।ओम का उच्चारण मात्र से ही चेतना जागृत हो जाती हैं।अध्यक्षता फलाहारी बाबा रामरतन दास जी महाराज ने किया। इससे पहले मुख्य अतिथि रमेश कुमार, मुख्य वक्ता युद्धवीर सिंह, विशिष्ट अतिथि राहुल सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर सेवा भारती प्रयाग नैनी भाग का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। गायत्री मंत्र के द्वारा बच्चों ने स्वागत वंदन किया, बाल संस्कार केंद्र द्वारा रंगमंच स्वरूप में नृत्य प्रस्तुत किया।डॉ भीम राव अम्बेडकर बाल संस्कार केंद्र के बच्चों ने बच्चा बच्चा राम हैं गीत प्रस्तुत किया हैं जिसे सुनकर उपस्थित जनसमूह ने जोरदार तालियों के स्वर से गुंजायमान कर दिया।नैनी भाग की किशोरियों ने योगासन की प्रस्तुति देकर शारीरिक, मानसिक व सामाजिक रूप से मजबूत रहने का संदेश दिया। तदुपरान्त एकलव्य बाल संस्कार केंद्र ने भगवान श्री राम का माता शबरी से मिलने का प्रसंग जो सामाजिक समरसत्ता का भाव दशार्ता हुआ रोमांचक बना दिया उपस्थित लोगों के आँखों में आँसू आ गए। कार्यक्रम का संचालन राजेश सिंह ने किया। इस मौके धर्मेन्द्र नारायण मिश्र, डॉ विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी, राहुल, चंदनी भारतीया, यश गोस्वामी, तनु मिश्रा, सुषमा पाल, आरती प्रजापति, निखिल द्विवेदी सहित सात संस्कार केंद्रों के बच्चों ने प्रतिभाग लिया।

# मतदान करना हर भारतीय मतदाता के लिए गौरवशाली क्षणः डा0 विनोद

## मतदान वृद्धि जागरुकता का लिया संकल्प

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** देश के अब तक हुए चुनावों में सबसे अधिक मतदाताओं वाले आम चुनाव के लिए लोकप्रिय पर्व लोकसभा चुनाव के लिए मतदान हो रहा है। प्रतापगढ़ लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को मतदान होगा। चुनाव हमारे लिए किसी पर्व से कम नहीं है, यह हमारे देश की दशा और दिशा बदलने वाला है। यह विचार विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ, उ.प्र. जिलाध्यक्ष डा0विनोद त्रिपाठी ने संविलित विघालय, कांपा मधुपुर, बाबा बेलखरनाथ धाम में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान में व्यक्त किया।



मतदाता जागरुकता रैली में शामिल शिक्षकगण।

डा0 विनोद ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाता, लोक पर्व में ज्यादा से ज्यादा वोट देकर ही हम अपने देश को सशक्त बना सकते हैं। ग्रामीणों एवं अभिभावकों से वोट डालने की अपील की जा रही है। प्रभारी प्र0अ0 राजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत में बढोत्तरी के मद्देनजर उच्च प्राथमिक विद्यालय, कांपा मधुपुर, बाबा बेलखरनाथ धाम की ओर से मतदाता जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। वरिष्ठ शिक्षक देवानन्द मिश्र ने बताया कि चुनाव में अधिक से अधिक जागरुक मतदाता मतदान करें, इसके लिए बेसिक शिक्षकों ने ग्रामीणों एंव अभिभावकों से जागरुक मतदाता सम्बन्धी पहल की है। क्योंकि मतदान प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है।शिक्षिका श्वेता मिश्रा ने बताया कि मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए हर मतदाता को भीषण गर्मी में अपने बचाव पर भी ध्यान देना होगा। चुनाव में लगे मतदान कर्मियों, पुलिसकर्मी और ग्रामीण जनों से अपील है कि घर से बाहर निकलने एवं चुनाव के दौरान वोटिंग करने जाए तो अपने साथ पानी की बोतल अवश्य साथ रखे। गर्मी में पानी की कमी से डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है।

मतदाता है भाग्यविधाता और सशक्त लोकतंत्र निर्माण कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सीता राम सरोज, शिक्षकों में मो0 शुएब, नीतू सिंह, योगिता पाण्डेय, शशिबाला शुक्ला, सुरुचि सिंह, विनीता मिश्रा, अर्चना यादव, शिक्षा मित्र संजीव दूबे, छेदी लाल एवं जितेंद्र कुमार- बीएलओ, मदन मौर्य, शोभनाथ यादव, कंचन, नीलम एवं रसोइया माता सरोजा आदि अभिभावक भी शामिल रहे।

# कांग्रेस ने बनाये विधान सभावार प्रभारी, सूची जारी

## 17 विकास खण्डों में बनाए कोआर्डिनेटर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी, कार्यालय, इंदिरा भवन पर जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी की अध्यक्षता में लोकसभा चुनावों हेतु नियुक्त विधान सभा एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के सचिव व नवनियुक्त प्रतापगढ़ प्रभारी राकेश मौर्य मौजूद रहे, जिनका प्रतापगढ़ कांग्रेस कार्यालय पहुंचने पर माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में नियुक्त किये गए विधान सभा प्रभारियों व ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों को सूची जारी की गई।



नवनियुक्त प्रभारी का स्वागत करते कांग्रेसी।

जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि सभी प्रभारी अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में आज से ही लग कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ0 एस0पी0सिंह पटेल को भारी मतों से विजयी बनाकर केंद्र में सरकार बनाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। प्रतापगढ़ जनपद के सातों विधान सभाओं के प्रभारियों की नियुक्ति किया गया जिसमें विधान सभा पट्टी से महेंद्र शुक्ल, विधान सभा रानीगंज से राम लवट यादव, विधान सभा सदर से डॉ0 प्रशांत देव शुक्ल, विधान सभा विश्वनाथगंज से डॉ0 अजय सिंह, विधान सभा रामपुर खास से डा0 वीके सिंह, विधान सभा बाबागंज से योगेश यादव, विधान सभा कुण्डा से करुण पाण्डेय प्रभारी बनाये गये। इसके आलवा जिले के सभी सत्रह विकास खंडों (ब्लॉकों) के कोऑर्डिनेटरों की नियुक्ति की गई।

# आज से कलेक्ट्रेट में होगा नामांकन

## कलेक्ट्रेट में बैरीकेटिंग कर तैयारी हुई पूरी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र में 25 मई को मतदान होना है, इसके लिये नामांकन 29 अप्रैल से शुरु हो जाएगा। नामांकन के लिये जिला कलेक्टेट्रट में बैरीकेटिंग की गई है और नामांकन की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। बैरीकेटिंग के क्षेत्र में आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। केवल नामांकन करने वाले और उनके प्रस्तावक ही अंदर जा सकेंगे।

नामांकन शुरु होने से पहले भाजपा, समाजवादी पार्टी, पीडीएम पार्टी के प्रत्याशी घोषित हो गये हैं। अभी बसपा की औपचारिक घोषणा होना बाकी है। भाजपा से सांसद रहे संगम लाल गुप्ता, समाजवादी पार्टी से पूर्व एमएलसी व शिक्षा से जुडे .एसपी पटेल व पल्लवी पटेल की पीडीएम से ऋषि पटेल प्रत्याशी घोषित हो चुके हैं। तीनों राजनैतिक दलों द्वारा पिछड़ी जाति का प्रत्याशी देने के बाद बहुजन समाज पार्टी ब्राहमण प्रत्याशी उतारने जा रही है। इस समय भाजपा के वरिष्ठ नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी के पुत्र प्रथमेश मिश्रा की चर्चा जोरों पर है। सोमवार से नामांकन का कार्य शुरु हो जाएगा। नामांकन के बाद स्थिति साफ होगी। वैसे अब भाजपा, सपा की लड़ाई में बसपा व पीडीएम के प्रत्याशी भी दखल देंगे, जो कि दोनों दलों के वोट समीकरण में गड़बड़ जरुर करेंगे।


कलेक्ट्रेट परिसर में की गई बैरीकेटिंग।

# टीन शेड के नीचे खड़ी बुलेट बाइक में अज्ञात लोगों ने लगा दी आग

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पूरी दलपत शाह गांव में बीती रात परिवार के लोग एक वैवाहिक कार्यक्रम में पड़ोस में शामिल होने के लिए गए थे कि मौका पाकर अज्ञात लोगों ने बुलेट में आग लगा दी। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। आसपुर देवसरा क्षेत्र के पूरे दलपत शाह गांव निवासी हरीश कुमार वर्मा पड़ोस में हल्दी रसम की कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पड़ोसी के घर गया था अचानक घर के किनारे टीन सेट के नीचे खड़ी बुलेट बाइक में आग लग गई हल्ला गुहार होने पर भाग कर घर पहुँचा देखा कि बाइक धू-धू कर जल रही थी। आसपास के लोंगो की मदद बुलेट में लगी आग बुझाया गया पीड़ित को बुलेट के पास माचिस भी पड़ा मिला।

# शिक्षा की सीढी से ही कामयाबी की छत पर चढ़ना संभव

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने पेश की मनमोहक प्रस्तुतियां, मेधावियों का हुआ सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय नगर के वर्मा नगर स्थित यमुना प्रसाद यादव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के तीसवें स्थापना दिवस पर वार्षिकोत्सव सृजन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्थानीय खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि मानधाता खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर यादव के करकमलों द्वारा माँ सरस्वती का दीप प्रज्वलन करके हुआ।

बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, बेटी, शिक्षा, रानी लक्ष्मीबाई, भारतीय सैनिकों, कॉमेडी डाँस इत्यादि विभिन्न मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित हजारों श्रोताओं को तालियाँ बजाने पर मजबूर कर दिया। रियल,



वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

अभिनव, पायल, तृषा, महक, अहम, पीयूष, आयुष, सेजल, रोशनी, अंशिका, सौम्य, प्रिन्स, सर्वेश आदि छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में ज़िले में मानसी वर्मा को चैथा, मृत्युंजय पांडेय को नौवाँ स्थान और विशाल त्रिपाठी को एक परीक्षा में पचहत्तर हजार छात्रवृत्ति प्राप्त करने पर विद्यालय द्वारा विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पत्रकार रमेश रामनाथ, पत्रकार डॉ0 जगत वर्मा को समाज के उत्थान के लिए सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह का संयोजन मैनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक यादव और संचालन कवि लवलेश यदुवंशी ने किया। विद्यालय के संस्थापक यमुना प्रसाद यादव ने कहा कि शिक्षा ही वह सीढ़ी है जिससे सफलता की छत तक पहुँचा जा सकता है। धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य पारसनाथ वर्मा ने किया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख इंजीनियर अमित प्रताप सिंह, छोटे लाल सरोज, मनोज सिंह, गायक प्रदीप गुप्ता, डॉ संजय दुबे, प्रदीप वर्मा, रामप्रकाश, धर्मेंद्र सिंह, राजेश्वर यादव, राजेंद्र पांडेय, रूपनाथ, नेहा, सियांशी, आदि हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# कर्म के आधार पर सुख व दुख का वरण स्वयं करता है जीवः आचार्य

## सांसद प्रमोद तिवारी को मिला व्यासपीठ से लोकमंगल का आशीष

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के अझारा गांव में हो रही श्रीमदभागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखी। कथाव्यास आचार्य करूणाशंकर दुबे ने कहा कि भगवान उसी को शरण दिया करते हैं जो दूसरों के लिए सुखदायी हुआ करता है। उन्होनें कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की रक्षा के लिए अपने और पराये में कोई विभेद नही किया।

उन्होंने बताया कि श्रीमदभगवदगीता मनुष्य को कर्म के आधार पर सुख और दुख के बंटवारे के निर्णय का मार्ग प्रशस्त किया करती है। आचार्य करूणाशंकर जी ने कहा कि पूजा और आराधना दिखावे का आंशिक प्रतिफल भी नहीं दिया करती। उन्होनें कहा कि सच्चे मन से भगवान का स्मरण और कथाओं में भगवान की महिमा का वर्णन जीवन में आत्मसात करना ही पुण्य का एक मात्र मार्ग है। कथा श्रवण के लिए राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी भी पहुंचे। उन्होने क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की ओर से व्यासपीठ का माल्यार्पण कर सम्मान किया। वहीं व्यासपीठ से प्रमोद तिवारी को लोकमंगल का आशीर्वाद भी मिला दिखा। कथा के संयोजक पूर्व प्रधान प्रवीण कुमार मिश्र एवं निर्मला मिश्रा ने श्रीमदभागवत भगवान का पूजन अर्चन किया। सह संयोजक श्रवण कुमार मिश्र ने श्रद्धालुओं का रोली अभिषेक किया। इस मौके पर पं. देवानंद मिश्र, आईपी मिश्र, निशा मिश्रा, किरन मिश्रा, आनन्द मिश्र, सुनील पाण्डेय, प्रकाशचंद्र मिश्र, रामशिरोमणि मिश्र, पवन शुक्ला, इं. रमेश शुक्ला, राहुल सिंह, अनिल त्रिपाठी महेश, छोटे लाल सरोज, प्रियम मिश्र आदि रहे।

# मंदिर परिसर में १६० दर्शनार्थियों ने स्वास्थ्य शिविर का लिया लाभ

## शनिदेव धाम में लगा आयुर्वेद चिकित्सा शिविर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कुशफ़रा विश्वनाथगंज स्थित शनिदेव धाम में आयोजित आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 160 दर्शनार्थियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, छितपालगढ़ डॉ. अवनीश पाण्डेय ने बताया कि शनिवार को शनिधाम मंदिर में दूर दूर से श्रद्धालु आते हैं जिनके लिए आयुर्वेद विभाग एवं आरोग्य भारती के चिकित्सकों द्वारा यह शिविर लगाया जा रहा है।



चिकित्सा शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

मंदिर के प्रधान पुजारी मंगलचरण जी ने दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारम्भ किया। इस दौरान निःशुल्क दवा वितरण, शुगर बीपी जाँच के साथ चिकित्सकों द्वारा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने पर जोर दिया। इस शिविर के चर्मरोग, गठिया, मधुमेह, हाई बीपी, एसिडिटी तथा दमा रोगियों का निःशुल्क इलाज किया गया। आरोग्य भारती प्रतापगढ़ इकाई के सचिव डा भरत नायक ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को सहायता पहुंचाना है। इस समय गर्मी बढ़ने के साथ हमे सेहत का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। डिहाईड्रेशन और लू से बचाव के लिए पानी, लस्सी, शिकंजी, मौसमी फलों का जूस लेते रहें, हल्का और आसानी से पचने वाला भोजन लें।खीरा तरबूज, ककड़ी, तरोई, खरबूज का सेवन करें और धूप में निकलने से बचें। शिविर में डॉ.अवनीश पाण्डेय, डा. भरत नायक, दिनेश तिवारी, रामचंद्र मौर्य सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पानी निकालने के विवाद को लेकर मारपीट आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नाली का पानी निकालने के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे जिसमें एक पक्ष से आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से हुए घायल इलाज के दौरान गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने जिला मेडिकल कॉलेज रेफर किया है। कोतवाली इलाके के डेईडीह धौरहरा गांव के रहने वाले रामहित गौतम ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि शनिवार की देर शाम उसके घर के बगल से गंदा नाली का पानी निकल रहा था जिसका विरोध किया तो पड़ोसियों ने लाठी डंडा लेकर एक राय होकर मारने पीटने लगे यह सब देख बीच बचाव करने आए परिजन को भी लाठी डंडों से पीटना चालू कर दिए जिसमें मुंशीलाल पुत्र पिंटू के सर पर गंभीर वार कर दिया जिससे वह गिरकर बेहोश हो गया जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मार देने की धमकी दी। अरुण गौतम अंकित गौतम पिंटू गौतम काजल गौतम सत्यनारायण गौतम, सीता देवी गौतम पुष्पा देवी गौतम को घर में घुसकर पड़ोसियों ने लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई तो पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को 108 एंबुलेंस से पट्टी सीएससी लेकर आए जहां पर इलाज के उपरांत मुंशीलाल के सर पर गंभीर चोट लगने के कारण डॉक्टर ने जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया है। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि मामले में प्रार्थना पत्र मिला है घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब में डूबने से मजदूर की हुई थी मौत

## परिजन लगा रहे हत्या का आरोप, मुकदमा दर्ज, गिरफ्तारी के आश्वासन पर परिजन अंतिम संस्कार के लिए हुए राजी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तालाब में मिले मजदूर के शव को पोस्टमार्टम के बाद घर लाया गया। परिजन हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। पुलिस परिजनों को समझाने में लगी हुई है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के भैदपुर गांव निवासी नीरज कुमार पुत्र स्वर्गीय हीरालाल (18) वर्ष शुक्रवार की दोपहर दो बजे गांव के बाहर तालाब पर दोस्तों के साथ गया था। तालाब में उसका शव पाया गया था। सूचना पर पहुंचे करेला चौकी इंचार्ज ओमप्रकाश सिंह ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया था। जिस तालाब में नीरज की डूबने से मौत हुई थी उस ताला में पानी बहुत अधिक नहीं था। शनिवार की शाम पोस्टमार्टम के बाद शव घर लाया गया तो परिजन हत्या का आरोप लगाते हुए अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। बड़ा भाई सूरज समेत परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी और हत्या का मुकदमा लिखे जाने की मांग पर अड़े रहे। देर शाम कोतवाल आलोक सिंह के आश्वासन पर परिजन मान गए। कोतवाल ने आश्वासन दिया की हत्या का मुकदमा दर्ज आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। जिस पर परिजन मान गए और अंतिम संस्कार को शव लेकर रवाना हो गए।


मजदूर का शव रखकर आक्रोश जताते परिजन।

## माता-पिता की बहुत पहले हो चुकी थी मौत

**पट्टी, प्रतापगढ़।** भैदपुर गांव निवासी नीरज हरिजन के पिता हीरालाल की मौत बहुत पहले हो गई थी पिता की मौत के कुछ माह बाद ही उसके मां की भी मौत हो गई थी। नीरज अपने बड़े भाई सूरज हरिजन के साथ रहता था और उसके कामों में हाथ बटाने के साथ मेहनत मजदूरी करके परिवार के भरण पोषण में अपना सहयोग प्रदान कर रहा था। नीरज की मौत से सूरज समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

## लेखपाल और अधिवक्ताओं में तनातनी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील के अधिवक्ता इंद्रजीत यादव और उनके गांव के ही पट्टी तहसील में तैनात लेखपाल से कुछ विवाद हो गया था जिसको लेकर लेखपाल संघ व अधिवक्ता संघ में तनातनी की स्थिति रही शनिवार को आकर्षित अधिवक्ताओं ने तहसील में तालाबंदी कर दी। फिलहाल पूरे दिन तहसील में तनातनी का माहौल रहा। अधिवक्ता लाम बंद होकर लेखपाल पर कार्रवाई की माग करते रहे। वहीं दूसरी तरफ लेखपाल संघ के लोग भी तहसील में मौजूद रहे।

# बारात से लौटने पर गांव के ही लोगों ने पीटा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के भावनपुर गांव निवासी मोहम्मद ताजुद्दीन का आरोप है कि शुक्रवार की रात वह 12 बजे बारात से अपने घर लौट रहा था, गांव के ही एक लोग से विवाद हो गया उसने अपने साथियों के साथ मिलकर गाली-गलौज करते हुए मारने पीटने लगे। जब पीड़ित जान बचाने के लिए घर में घुस गया तो आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। जान से मारने के धमकी दी और घर में भी तोड़फोड़ की। पीड़ित का आरोप है की मारपीट के दौरान उसका मोबाइल कहीं गिर गया जो उसे सुबह ढूंढने पर भी नहीं मिला। पीड़ित ने थाने पर शिकायती पत्र देकर अपने परिवार के जान माल का खतरा बताकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## पट्टी सीएचसी में लगता है एमआरों का जमावड़ा

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आए दिन एमआरों का जमावड़ा लगा रहता है। जिस पर चिकित्सा अधीक्षक ध्यान देते नजर नहीं आ रहे हैं। बता दें नगर स्थित सेठ पन्नालाल खंडेलवाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एमआर आए दिन डॉक्टरों की जी हजूरी करते नजर आते हैं। सूत्रों की मानें तो एमआर डॉक्टर को बाहर से दवा लिखने के लिए आए दिन प्रेरित करते नजर आते हैं जबकि चिकित्सालय के मुख्य गेट पर ही भीतर आने की अनुमति नहीं होने की बात लिखी है।

# शौच के लिए निकला युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिला, घर में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक पर शव मिलने का सिल सिला सुर्खियों मे छाया हुआ है एक दिन पूर्व शनिवार की सुबह एक अधेड महिला का रेलवे ट्रैक पर मिला ही था कि रविवार की सुबह भोर पहर लगभग साढ़े तीन बजे ट्रेन से कटा हुआ एक युवक का शव मिलने से आस पास के क्षेत्र मे हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की लिखा पढ़ी करके पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

घटना के बारे मे जानकारी करने पर थाना प्रभारी धीरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि कोराली ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार गुप्ता की सूचना पर घटना स्थल पर अपने एस आई रमेश कुमार सिंह, दिलीप पाल व हेड का0 बिल इंदल के साथ घटना स्थल पर पहुंचा जंहा छिंदौरा रेलवे फाटक पर रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटा हुआ युवक का शव मिला जिसकी पहचान उमेश कुमार सरोज पुत्र मोतीलाल सरोज (30) वर्षीय के रूप मे हुई। मौके पर मृतक के पिता मोतीलाल व परिजन लोग भी आ गये। परिजनों के मुताबिक घर से भोर पहर शौच के लिए कहकर निकला था, जिसका शव ट्रेन से कटा मिला। सहायक स्टेशन मास्टर (एस एस) महबूब ने बताया कि घटना की जानकारी ऊंचाहार आर पी एफ ने दिया। मृतक उमेश सरोज तीन भाइयो मे सबसे बड़ा है। दो भाई धर्मेश व अखिलेश है। मृतक की एक डेढ़ साल की बेटी आराध्य है।मृतक उमेश के पिता मोतीलाल ने शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए घटना की तहरीर पुलिस को दी पुलिस ने लिखा पढ़ी पीएम शव को पी एम के लिए भेजा। घटना को लेकर परिजनों मे कोहराम मचा हुआ है पत्नी केसमा का रो रोकर बुरा हाल है। किसी को कुछ समझ मे नही आ रहा है कि आखिर किस कारण उमेश ने इतना बड़ा घातक कदम उठा लिया कि आत्महत्या करने पर मजबूर हो गया। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर घटना का पता चल पायेगा।

## अनियंत्रित कार की टक्कर से मासूम घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अनियंत्रित कार की चपेट में आने से माँ के साथ दयालगंज बाजार आया मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। दुकानदारों की मदद से मासूम को सीएससी पट्टी ले जाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। आसपुर देवसरा के तिविपुर निवासी सूरज वर्मा अपनी बड़ी बहन रेखा वर्मा और भांजे के साथ शनिवार की सुबह आठ बजे बाइक से दयाल बाज़ार घरेलू सामान की खरीदारी के लिए आया था। एक प्राइवेट अस्पताल के सामने सड़क के किनारे बाइक खड़ी कर सामान खरीदने के लिए दुकान पर चला गया। बाइक के पास रुद्र उम्र 4 वर्ष खड़ा था। आमापुर बाज़ार की तरफ से तेज़ रफ़्तार से आ रही स्विफ्ट कार मासूम को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण मासूम कार के नीचे चला गया औ? अगले बंफड़ में मासूम फंस गया। तकरीबन 20 मीटर तक कार में फंसा मासूम घसीटता सड़क पर चला गया। बाजार में मौजूद लोगों ने किसी तरह गाड़ी को रुकवा कर मासूम को बाहर निकाला ड्राइवर मौका पा कर कार लेकर मौके से फरार हो गया। कार की टक्कर से मासूम के सर, हाथ, पैर में गंभीर चोटें आई। एंबुलेंस की मदद से सीएससी पट्टी ले जाया गया।

# कौशांबी सप्लाई करने जा रहे दो गांजा तस्करों से 23 किलो गांजा बरामद

## एएनटीएफ फोर्स प्रयागराज और संदीपन घर थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से की कार्यवाही

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** प्रयागराज शहर से दो गाँजा तस्कर एक वाहन में दो बोरी गांजा लेकर कौशांबी सप्लाई के लिए निकले गांजा तस्करी के मामले की भनक एएनटीएफ फोर्स टीम प्रयागराज को लग गयी प्रयागराज की फोर्स ने गांजा तस्करों की कार का पीछा किया और संदीपन घाट थाना पुलिस की मदद लेते हुए दोनों गांजा तस्करों को दो बोरी गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया है संदीपन घाट थाना पुलिस ने ए एन टी एफ फोर्स टीम प्रयागराज के साथ वाहन चेकिंग के दौरान एक वैगन आर कार से गांजा सप्लाई करने जा रहे दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है,पुलिस ने गांजा तस्करों के पास से लगभग 4 लाख रुपए कीमत का दो बोरी गांजा,20 हजार नगदी बरामद किया है।पुलिस ने दोनो गांजा तस्करों को लिखापढ़ी कर न्यायालय पेश किया जहा से उन्हे जेल भेज दिया गया। पुलिस और ए एन टी एफ फोर्स टीम प्रयागराज ने संयुक्त रूप से दो गांजा तस्करों राघवेन्द्र पान्डेय पुत्र प्रभुनाथ पान्डेय निवासी 249/3 प्रीतम नगर धूमनगंज जनपद प्रयागराज और पीयूष सिंह पुत्र दिवाकर सिंह निवासी 180उ/इ1 राजरूपपुर चौकी थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज स्थायी पता झ खरेहट खुर्द जारी बाजार थाना बारा जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया है।पुलिस टीम ने दोनो गांजा तस्करों के पास से 02 बोरी गांजा बरामद किया है जिसका वजन करीब 23 किलोग्राम है पुलिस ने 01 बैगेनआर कार तथा 02 मोबाईल फोन व 20670 रुपए बरामद किया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 4 लाख रूपया है।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना पर मु0अ0सं0 128/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया है। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया,जहा से उन्हे जेल भेज दिया गया।

## दलित नाबालिक बालिका का 15 दिन बाद भी नहीं लगा सुराग

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के पट्टी परवेजा बाद गांव की एक दलित नाबालिक बालिका को गांव का युवक दिलीप सोनकर 13 अप्रैल को लेकर फरार हो गया मामले की सूचना बालिका के परिवार के लोगों ने मूरतगंज चौकी पुलिस और संदीपन घाट थाना पुलिस को दिया लेकिन पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया बल्कि यह कह दिया कि बालिका काजू गांव से गायब हुई है जिसके बाद परिवार के लोग चरवा थाने का चक्कर लगाने लगे चरवा थाना पुलिस ने बालिका की मां की तहरीर को बदलवा करके गुमशुदगी दर्ज करवाई घटना को धीरे-धीरे 15 दिन बीत गए हैं लेकिन दलित नाबालिक बालिका का सुराग नहीं लग सका है इतना ही नहीं बालिका को ले जाने वाले दिलीप सोनकर के परिवार के लोग बालिका के घर पहुंचकर गाली गलौज कर रहे हैं दिए गए शिकायती पत्र को वापस लेने का दबाव आरोपी युवक के परिवार के लोगों द्वारा बनाया जा रहा है जिससे बालिका के परिवार परेशान दिखाई पड़ रहा है।

## गैस एजेंसी संचालक की लूट में अधिकारी बने हिस्सेदार

**गैस एजेंसी के भ्रष्टाचार की खबर उजागर करने पर जान से मारने की धमकी दिलवा रहा एजेंसी संचालक**

**नेवादा कौशाम्बी।** गैस एजेंसी में उपभोक्ताओं से लूट के खेल में जिला पूर्ति अधिकारी सहित गैस एजेंसी के अधिकारी शामिल है जिससे गैस एजेंसी में गैस उपभोक्ताओं को लूटने का धंधा नहीं बंद हो सका है बल्कि खबर से बौखलाए एजेंसी संचालक के गुर्गे धमकी देने लगे हैं जिन अधिकारियों को एजेंसी संचालक पर मुकदमा दर्ज कराकर उसकी गिरफ्तारी करते हुए एजेंसी को सीज कर देना चाहिए वह अधिकारी गैस एजेंसी संचालक को बचाने पर उतर आए हैं चायल तहसील मे मौजूद संतोष आर्मी इंण्डेन गैस एजेंसी के संचालक की अधिकारियों से लेनदेन के चलते मजबूत पकड़ होने के कारण उसकी दबंगई चरम सीमा पर है और दबंगई के बल पर वह गैस एजेंसी चलाना चाहता है उपभोक्ताओं से आए दिन झगड़ा लड़ाई गाली गलौज आम बात हो गई है एजेंसी रात के अंधेरे मे 11 बजे से 12 बजे तक अवैध रुप से बुकिंग कर गैस को ब्लैक किया जाता है अंधेरे में सिलेंडर में रिफिल कर घटतौली भी की जाती है उपभोक्ताओं को सिलेंडर में गैस का वजन कम मिलता है बांट माप विभाग के अधिकारी भी एजेंसी संचालक की घटतौली पर कार्यवाही करते नहीं दिख रहे हैं सूत्रों की माने तो लाखों रुपए उन तक भी हिस्सा पहुँच रहा है। गैस सिलेन्डर व कैश एण्ड कैरी का साल मे 28 लाख की अवैध वसूली का गोरख धंधा बेखौफ हो रहा है जिसका खुलासा भी हो चुका है एजेन्सी संचालक द्वारा भ्रष्टाचार में लिप्त अवैध कमाई की खबर को पत्रकार के द्वारा प्रमुखता से अखबार मे प्रकाशित किया गया था तो दबंग संचालक को खबर नागवार गुजरी और दबंगई दिखाते हुए अपने पूर्व मैनेजर से उक्त पत्रकार को जान से मारने की धमकी दिलवा रहा है जिससे पत्रकारों मे रोष ब्याप्त है कई दिन से मामला उजागर होने के बाद अभी तक जिला पूर्ति अधिकारी और गैस एजेंसी के अधिकारियों ने एजेंसी को सीज कर एजेंसी संचालक पर मुकदमा दर्ज कराकर इनकी गिरफ्तारी नहीं कराई है बाट माप के अधिकारी भी जांच कर एजेंसी पर कार्यवाही नहीं कर सके हैं इस भ्रष्ट एजेन्सी संचालक के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए उच्च अधिकारियों से कार्यवाही की मांग उपभोक्ताओं ने किया है एजेंसी में कालाबाजारी के कारनामे की यदि उच्च स्तरीय जांच हुई तो एजेंसी संचालक और अधिकारियों के रैकेट का खुलासा होना तय है।

# माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया प्रथम प्रशिक्षण

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए आज उदयन सभागार में कुल 242 माइक्रो आब्जर्वर को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी अधिकारी (कार्मिक) डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरुण कुमार गोंड ने सभी माइक्रो आब्जर्वर को उनके कार्यों/ दायित्वों के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ट्रेनर राकेश कुमार सिंह एवं विकास पाण्डेय ने माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि माइक्रो आब्जर्वर वे पर्यवेक्षक होते हैं,जिन्हे मतदान के दिन मतदान केन्द्र में उपस्थित होकर मतदान प्रक्रिया एवं मतदान दल के आचरण का अवलोकन करना होता है ताकि मतदान प्रक्रिया की स्वतन्त्रता एवं निष्पक्षता प्रभावित न हो। ट्रेनर राकेश कुमार सिंह एवं विकास पाण्डेय द्वारा माइक्रो आब्जर्वर को उनके कार्यों/ दायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी/ प्रशिक्षण देते हुए कहा कि माइक्रो आब्जर्वर सामान्य पर्यवेक्षक के नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण में कार्य करेंगे तथा आवंटित मतदान केन्द्रों में संचालित समग्र निर्वाचन प्रकिया का अवलोकन करेंगे। मतदान प्रक्रिया का निरीक्षण/अवलोकन करेंगे। मॉक पोल की प्रक्रिया का निरीक्षण करेंगे। मतदान अभिकताओं/ निर्वाचन अभिकताओं या किसी राजनीतिक दल द्वारा की गयी शिकायतों को ट्रैक करेंगे तथा शिकायत की प्रकृति एवं गम्भीरता को भी समझेंगे। जब भी माइक्रो आब्जर्वर को लगे कि किसी कारण से निर्वाचन प्रक्रिया का पालन भारत निर्वाचन आयोग के नियमानुसार नहीं हो रहा, हो तो सामान्य पर्यवेक्षक को तत्काल सूचित करेंगे। सामान्य आब्जर्वर द्वारा दिये गये निदेर्शों का पालन करेंगे। मॉक पोल के दौरान मतदान अभिकताओं एवं राजनीतिक दलों की उपस्थिति पर नजर रखेंगे। यह देखेंगे कि सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा मतदान केन्द्र का दौरा/भ्रमण किया जा रहा है या नहीं। यह देखेंगे कि मतदान केन्द्र के भीतर कोई अनधिकृत व्यक्ति प्रवेश तो नहीं कर रहा आदि जानकारी/ प्रशिक्षण दिया गया इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार तथा तकनीकी सहायक प्रशिक्षण दिलीप कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

# अदालत के निर्णय को थाने के अपराध रजिस्टर में नहीं दर्ज करते थानेदार

**अदालत का मृतक फगुवारे के खुलेआम घूमने के बाद उस पर कार्रवाई करने से थाना पुलिस ने खड़े किए हाथ**

**अभियुक्त द्वारा किए गए हेरा फेरी के इस मामले को उजागर करना पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है**

**कौशांबी।** अपराधियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर अदालत के सामने पेश करने वाली थाना पुलिस मुकदमा की सुनवाई के दौरान अदालत के निर्णय को थाने के अपराध रजिस्टर में नही दर्ज करती है जिससे पुलिस को यह नहीं पता कि कितने मुकदमे अदालत में लम्बित है और कितने मुकदमे का निस्तारण हो गया है इतना ही नहीं किस मुकदमे में सुनवाई के दौरान अभियुक्त की मौत हो गई है जिससे अदालत में मुकदमे की पत्रावली बंद हो गई इस बात का भी जिक्र थाना के अपराध रजिस्टर में पुलिस द्वारा नहीं किया जाता है जिसका फायदा शातिर अपराधी उठाते हैं और अदालत में मृतक घोषित हो जाते हैं थाने के रजिस्टर में वह जीवित रह जाते हैं जिससे दोबारा इन शातिर अपराधी पर थाना पुलिस कार्रवाई नहीं करती है जबकि वास्तविकता में वह जीवित होते हैं और समाज का अमन चैन खराब करते हैं जब मामले को लेकर पुलिस अधिकारियों से शिकायत होती है तो थाना पुलिस जांच के दौरान यह कह देती है कि पुलिस के अपराध रजिस्टर में उपरोक्त अपराधी मृतक नहीं घोषित है और उसे अदालत की कार्यवाही का पता नहीं है जबकि अदालत में झूठे तरीके से मृतक घोषित हो चुका है। लोगों ने पुलिस अधिकारियों से सवाल उठाया है कि अदालत की पत्रावली में की गई कार्यवाही का पूरा विवरण पुलिस के अपराध रजिस्टर में दर्ज करने की जिम्मेदारी किसकी है मुकदमे की वर्तमान में क्या स्थिति है थानेदार को जानकारी नहीं हो पाती है तो उनका गुनाह क्या है आखिर आला अधिकारियों के निर्देश पर मुकदमे की पैरवी में थाना पुलिस क्या कर रही है जबकि हकीकत में अदालत की कार्यवाही से थाना पुलिस को जानकारी ही नहीं है इसी तरह का एक ताजा मामला पश्चिम शरीरा थाने के अभियुक्त फगुआरे का सामने आया है फगुआरे को थाना पुलिस ने तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था जहां से जेल भेज दिया गया था यह मामला थाने के अभिलेखों में दर्ज है जेल जाने के बाद जमानत प्रार्थना पत्र में सुनवाई के दौरान अदालत ने फगुवारे को जमानत दे दी है जमानत पर रिहा होने के बाद फगुवारे अदालत में नहीं हाजिर हुआ जिस पर उसके खिलाफ अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया गिरफ्तारी वारंट के बाद तत्कालीन थानेदार ने अदालत को सूचना भेज दी कि वारंटी फगुआरे की मौत हो गई है जिस पर तमंचा के इस आरोपी की पत्रावली अदालत से बंद हो गई है लेकिन पुलिस अभिलेख में फगुवारे अभी जिंदा है इसका जिक्र वर्तमान थानेदार ने अधिकारियों को भेजे ट्विटर की सूचना में किया है खुलेआम इलाके में फगुवारे जीवित होकर टहल रहा है हकीकत में फगुआरे अभी जीवित है। अदालत से मृतक और खुलेआम जिंदा घूमने वाले फगुवारे के मामले की शिकायत ट्विटर के माध्यम से पुलिस अधिकारियों को की गई तो वर्तमान थानेदार ने यह कह कर शिकायत का निस्तारण कर दिया कि फगुवारे को पुलिस अभिलेख में मृतक नहीं घोषित किया गया है और अभिलेख में भी फगुवारे मृतक नहीं है अब सवाल उठता है कि अदालत की पत्रावली में मृतक घोषित होने वाले फगुवारे को थाना के अभिलेखों में कब और किन परिस्थितियों में मृतक दर्ज किया जाएगा इस जीवित फगुवारे के जीवित रहने के मामले को आखिर थाना पुलिस कब खुलासा करेगी इतने गंभीर प्रकरण पर भी पुलिस अधिकारी गंभीर नहीं है यदि इस प्रकरण पर पुलिस अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया तो फगुआरे को मृतक घोषित करने वाले तत्कालीन थानेदार पर कठोर कार्रवाई होगी इतना ही नहीं फगुआरे के तमंचे के मुकदमा की सुनवाई फिर से शुरू होगी और उस पर हेरा फेरी धोखाधड़ी का भी मुकदमा दर्ज होगा वर्तमान थानेदार द्वारा पुलिस अधिकारियों को ट्विटर के माध्यम से सूचना भेजी गई है कि पुलिस अभिलेख में फगुवारे की मौत नहीं है लेकिन इस मामले में थानेदार ने पुलिस अधिकारियों को यह नहीं बताया कि इस मुकदमे की मॉनिटरिंग कितने वर्ष पहले से नहीं की गई है आखिर मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत द्वारा निर्णय की जानकारी करने की जिम्मेदारी क्या वर्तमान थानेदार की नहीं है या फिर अभियुक्त द्वारा किए गए इस हेराफेरी के मामले को उजागर करना पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है संपूर्ण प्रकरण को यदि अधिकारियों ने गंभीरता से लिया तो जहां फगुवारे की मुसीबत बढ़ेगी वहीं पूर्व थानेदार के साथ-साथ वर्तमान थानेदार की भी मुसीबत बढ़ना तय है।

# जिधर स्वार्थ हुआ उधर घूम गए मतेशचंद सोनकर

## दलबदलुओं का कोई ठिकाना नहीं जिधर मौका मिला उधर पासा फेका, जिस नेता को स्वयं पर भरोसा नहीं वह समाज को कैसे दिलाएगा भरोसा

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के नेता मतेश चंद्र सोनकर को टिकट न मिलने के कारण समाजवादी पार्टी के पद से इस्तीफा दे दिया है। मतेश चंद्र सोनकर टिकट के आश में काफी दिनों से सोशल मीडिया पर बधाई संदेश भेजा करते थे, लेकिन जैसे ही लोकसभा चुनाव में प्रत्यासी की घोषणा हुई और उनका नाम लिस्ट में नहीं था तब से उनके शुर बदल गए और उन्होंने ने अब समाज वादी पार्टी पर सोनकर समाज पर अनदेखी का आरोप लगाकर समाजवादी पार्टी के पद से त्याग दे दिया। पूर्व मंत्री मतेश चंद्र सोनकर ने प्रेस वार्ता कर समाजवादी पार्टी पर सोनकर समाज का सम्मान नही करने का आरोप लगाते हुए पार्टी हाईकमान को अपना इस्तीफा भेजा है। मतेश चंद्र सोनकर ने बताया कि लोकसभा चुनाव में बसपा ने एक सोनकर को टिकट दिया है, वहीं भाजपा ने 3 सोनकर समाज के लोगों को टिकट दिया है, लेकिन समाजवादी पार्टी ने एक भी सोनकर समाज के नेता को लोकसभा चुनाव का टिकट नहीं दिया है, जिससे आहत होकर उन्होंने अपना इस्तीफा भेजा है। जानकारी के लिए बताते चलें कि जब मतेश चंद्र सोनकर बहुजन समाज पार्टी से टिकट लेकर विधायक बने थे और मौका देखकर बसपा पार्टी को छोड़कर जिस पार्टी में शामिल हो गए थे आज उसी पार्टी का विरोध कर रहे हैं ऐसा लग रहा है कि यह नेता अवसरवादी है जब स्वयं का विश्वास नहीं कर पाया तो समाज को विस्वास कैसे दिला सकता है लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। कौशांबी की जनता मतेश चंद्र सोनकर के बारे में अच्छी तरह से वाकिफ है चाहे वह सोनकर का समाज हो या फिर अन्य समाज का हो भली - भांति से जान चुकी है कि यह नेता दल बदलू और विश्वास घाती नेता है।

# कुकुरमुत्ता की तरह फैले डेंटल क्लीनिक की दुकान

**ना डिग्री ना अनुभव फिर भी कर रहे दांत का इलाज**




**हर्रायपुर कौशाम्बी।** बिना डिग्री बिना अनुभव और बिना पंजीकरण के कुकुरमुत्ता की तरह दांत के अस्पताल खुल गए हैं जिनकी जांच करने का समय भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के पास नहीं है दांत के इलाज करने के लिए मूरतगंज कस्बे में शर्मा डेंटल क्लिनिक सहित पूरे कौशाम्बी जिले के विभिन्न कस्बो में जगह-जगह कुकुरमुत्ता की तरह डेंटल क्लीनिक की दुकान बिना पढ़े लिखे लोगों द्वारा खोली गई है जहां इलाज के नाम पर मरीज का जमकर शोषण किया जाता है डेंटल क्लीनिक की खुली दुकानों में 90 प्रतिशत से अधिक क्लीनिक संचालकों के पास ना तो डिग्री है ना अनुभव है लेकिन उसके बाद भी दांत के मर्ज का इलाज कर लाखों रुपए महीने की अवैध कमाई करने में डेंटल क्लिनिक के कथित डॉक्टर मशगूल है। मूरतगंज स्थित शर्मा डेंटल क्लीनिक के अस्पताल में दांत के इलाज में मरीजों का मर्ज तो ठीक नहीं होता है बल्कि मरीजों की पीड़ा बढ़ जाती है लेकिन फिर भी हजारो रुपए मरीजों से वसूल लिया जाता है प्रतिदिन चल रहे इस लूट के खेल में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अनजान बनने की कोशिश कर रहे हैं जबकि जिले के मूरतगंज हर्रायपुर भरवारी गुलामीपुर कड़ा देवीगंज सिराथू मनौरी सराय अकिल चायल मंझनपुर पश्चिम शरीरा बैरम पुर सहित विभिन्न कस्बा में कई दर्जन डेंटल क्लीनिक की दुकान कुकुरमुत्ता की तरह खुली है जिनमे अधिकतर के पास स्वास्थ्य विभाग का पंजीकरण नहीं है दांत का इलाज करने वाले लोगों के पास डिग्रियां नहीं है इतना ही नहीं इलाज करने वाले इन कथित दाँत के चिकित्सकों के पास अनुभव भी नहीं है लेकिन फिर भी डेन्टल क्लीनिक बेखौफ तरीके से संचालित हो रहे हैं जिससे मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था पर सवाल उठता है कि अवैध तरीके से कैसे दाँत की दर्जनों क्लिनिक संचालित हो रही है अवैध तरीके से संचालित डेंटल क्लिनिक की यदि जांच कराई गई तो 80 प्रतिशत से अधिक डेंटल क्लिनिक फर्जी मिलेंगी लेकिन उसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी डेंटल क्लीनिक की जांच करने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रहे हैं सूत्रों की माने तो अवैध तरीके से संचालित डेंटल क्लीनिक से स्वास्थ्य विभाग का एक अधिकारी मोटी रकम की वसूली कर रहे हैं यह अधिकारी चार पहिया गाड़ी से दांत के डॉक्टर के अस्पताल तक वसूली करने पहुंच रहे हैं जिससे अवैध डेन्टल क्लीनिक पर कार्यवाही करते नहीं दिख रहे हैं मामले को जिला अधिकारी ने संज्ञान लेकर डेंटल क्लीनिक की जांच कराई तो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के कारनामों का जहाँ खुलासा होगा वहीं दर्जनों अवैध डेंटल क्लिनिक संचालक पर मुकदमा दर्ज होना तय है लेकिन उसके बाद भी कार्यवाही होती नहीं दिख रही है।

## न्यूज झरोखा

### डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में सिखाए जीत के मंत्र



**कौशाम्बी।** भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक पश्चिम शरीरा पहुंचे,डिप्टी सीएम ने बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक कर उन्हे पार्टी द्वारा दिए गए संदेश को बताया और जीत का मंत्र दिया। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने बूथ स्तर के पदाधिकारियों को कहा कि बूथ ही वह पहली सीढ़ी है जहा से मत का प्रयोग कर सदन में सांसद और विधायक भेज जाते है,उन्होंने कहा कि जिसका बूथ मजबूत होता है उसकी पार्टी मजबूत होती है।उन्होंने कहा कि बूथ के पदाधिकारी गांव के एक एक मतदाता तक सरकार की योजनाओं की जानकारी दे सकते है और उन्हे उनका लाभ दिला सकते है। डिप्टी सीएम ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में गांव के स्कूलो में भूसा भरने का काम होता था,और भाजपा सरकार में कायाकल्प योजना के तहत स्कूलों का कायाकल्प किया गया है।डिप्टी सीएम ने समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला और बूथ स्तर के पदाधिकारियों से पार्टी के पक्ष में वोट डलवाने की अपील की।

### एथलेटिक्स सुनीता ने दुबई में लहराया परचम

**पांच हजार मीटर रेस में कौशाम्बी की सुनीता ने जीता ब्रांज मेडल**



**कौशाम्बी।** एथलेटिक्स सुनीता सरोज ने एक बार फिर जूनियर एथलेटिक्स एशियाई अंडर 20 चैंपियनशिप में विदेश की धरती दुबई में अपना लोहा मनवाया है। सुनीता ने 5000 मीटर की रेस में ब्रांज मेडल जीता है। सुनीता ने यूथ एशिया कुवैत 2022 मे 3000 मीटर मे सिल्वर मेडल जीता था। भारतीय खिलाड़ी एथलेटिक्स सुनीता की जीत पर प्रदेश और जिले में खुशी की लहर है। सुनीता की जीत पर परिवार एवं रिश्तेदारों के बीच खुशी का माहौल बना हुआ है। एथलेटिक्स विजेता सुनीता सरोज के घर पर बधाई देने वालो की लाइन लगी हुई है।

### कलश यात्रा के साथ नव दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



**महेवाघाट कौशाम्बी।** सरसावा ब्लाक के रायपुर व कटरी ग्राम सभा के बीच स्थित प्राचीन भैरम बाबा मंदिर में प्रयागराज के संत श्री श्री 108 श्री महंत परमानंद दास जी महाराज के नेतृत्व में श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ रविवार को हुआ। भव्य एवं पारंपरिक वेश में भैरम बाबा मंदिर में श्री मद् भागवत कथा कलश यात्रा के साथ सैकड़ो महिला पुरुष भक्तों ने सिर पर कलश रखकर प्रभु का जयकारा लगाते हुए भ्रमण किया। यमुना नदी के पवित्र जलस्त्रोत से कलश को भर कर लाने के बाद कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ कलश स्थापित किया गया। आरती के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरू किए गए श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास दिलीप जी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया। मुख्य यजमान श्री मुन्ना लाल त्रिपाठी व रामेश्वरी देवी, राम सेवक त्रिपाठी श्रवण सोनू, राहुल, छोटू, बउआ जानू , रायपुर ,रानीपुर, हटवा, कटरी , आदि ग्राम सभा के ग्रामवासी व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव बनाए गए कैलाश केशरवानी

**भरवारी कौशाम्बी।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता वा तीन पंचवर्षीय भरवारी के चेयरमैन रहे कैलाश चंद्र केसरवानी को समाजवादी पार्टी द्वारा प्रदेश सचिव बनाए जाने घोषणा की गई है समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव बनाए जाने पर प्रदेश के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज ने उनका स्वागत किया है इस बात की जानकारी जैसे ही समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं को लगी कार्यकताओं में खुशी की लहर फैल गई इस दौरान उनकों फोन पर बधाई और शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा है कैलाश केसरवानी पूर्व में सिराथू विधानसभा से समाजवादी पार्टी के बैनर से विधायक का चुनाव भी लड़ चुके हैं।

### कुकुरमुत्ता की तरह खुले हॉस्पिटल बिना रजिस्ट्रेशन बिना डिग्री के झोला छाप डाक्टर कर रहे इलाज




**महगाव कौशाम्बी।** नगर पंचायत चरवा और उसके आसपास में इन दिनों अवैध अस्पतालों की बढ़ सी आ गई है। चार दिन किसी अस्पताल में काम करने के बाद झोला छाप डाक्टर अपने आप को किसी एमबीबीएस से कम नहीं लगाते हैं और हॉस्पिटल खोलकर बैठ जाते हैं। स्वास्थ विभाग की इस लापरवाही का खामियाजा आम जनमानस को भुगतना पड़ता हैं। नगर पंचायत चरवा के भरवारी मनौरी रोड पर न्यू उन्नति हॉस्पिटल खुली है जो मानक विहीन और बिना डिग्री धारक डॉक्टर इसका संचालन कर रहा है बता दे कि जिन बड़े डाक्टरों का नाम लिखकर आम जनता से पैसे वसूल रहे हैं उसका कभी इन हॉस्पिटलों में दर्शन तक नहीं हुआ है। इनका मकसद सिर्फ क्षेत्र की जानता को गुमराह करना है। किसी दिन इन अस्पतालों की वजह से कोई बड़ी घटना घटित हो जायेगी तब स्वास्थ विभाग अपनी कुंभकर्णी नींद से उठेगी और तब तक बहुत देर हो चुकी होगी बिना अनुभव और बिना डिग्री लिए कैसे इनको हॉस्पिटल चलाने का परमिशन मिलता है और कौन देता है परमिशन यह सवालों के घेरे में है। कही सीएमओ की मेहरबानी और सेवा शुल्क के भरोसे तो नही अवैध अस्पताल सचलित हो रही है। बाते दे की नगर पंचायत चरवा में एक मेडिकल स्टोर भी ऐसा है जहां हाथी के दांत खाने को कुछ और दिखाने को कुछ और , मानिक मेडिकल स्टोर के नाम से सचालित यह मेडिकल स्टोर नही पूरा हॉस्पिटल है बाहर मेडिकल स्टोर दिखने को और अन्दर भरी पूरी हॉस्पिटल है बकायदा मरीजों को भर्ती करके इलाज किया जाता है मेडिकल स्टोर संचालक पहले एक डॉक्टर के यहां दवाइयों को लाने ले जाने का काम करता था और कैसे एमबीबीएस डॉक्टर बन गया भगवान जाने इसी कड़ी में चरवा से पूरे अयोध्या की ओर आने वाली रोड किनारे आर एस नर्सिंग होम नाम की एक अस्पताल खुली है जिसका न तो स्वास्थ विभाग से रजिस्ट्रेशन है और ना तो कोई परमिशन है और न ही इसमें कोई पढ़ा लिखा डॉक्टर है बता दे की इसका संचालन भी एक झोला छाप डाक्टर करता है जो कुछ दिनों एक निजी अस्पताल में रहकर खुद को एमबीबीएस से कम नहीं समझाता है। मिली जानकारी के मुताबिक मनौरी भरवारी रोड नगर पंचायत चरवा चरवा के सरकारी अस्पताल के बगल में एक आदर्श क्लीनिक नमक अवैध अस्पताल है कुछ दिन पहले स्वास्थ विभाग द्वारा सीज करने की सूचना मिली थी फिर भी वह अस्पताल अभी भी संचालित हो रही हैं। स्वास्थ विभाग सीएमओ को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि अवैध रूप से संचालित अस्पतालों को बंद किया जाए और जनता के साथ दवा इलाज के नाम पर धोखेबाजी मक्कारी और धनदोहन बन्द हो सके।

# समिति का निर्णयः विज्ञापन प्रकाशन को लेनी होगी अनुमतिः राजेश प्रसाद

अखंड भारत संदेश



समिति की बैठक में मौजूद लोग।

**चित्रकूट।** बांदा-चित्रकूट लोकसभा में नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ चुनाव आयोग से गठित विभिन्न समितियां सक्रिय हो गई हैं। समिति ने निर्णय लिया कि विज्ञापन प्रकाशन को एमसीएमसी से अनुमति लेनी होगी।

रविवार को मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति बैठक चुनाव कंट्रोल रूम में हुई। अध्यक्षता करते हुए एडीएम न्यायिक राजेश प्रसाद ने कहा कि चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मानिटरिंग कमेटी भी सक्रियता से काम करेगी। मीडिया प्रमाणन और अनवीक्षण समिति, पेड न्यूज, फेक न्यूज, रेडियो एफएम, वीडियो प्रचार वाहनों की अनुमति, सोशल मीडिया प्रचार सामग्री तथा प्रिंटिंग प्रचार सामग्री का परीक्षण करेगी। दैनिक, साप्ताहिक रिपोर्ट आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजेगी। संसदीय क्षेत्र के चुनाव में किसी प्रत्याशी के अखबार व इलेक्ट्रानिक मीडिया में जारी प्रस्तावित विज्ञापन के प्रमाणीकरण को आवेदन पर विचार किया जाएगा। कोई विज्ञापन प्रमाणित नहीं किया जाएगा, ताकि धर्म, नस्ल, भाषा, जाति, समुदाय, नस्लीय भाषाई या क्षेत्रीय समूहों या अन्य किसी आधार पर शत्रुता या वैमनस्यता की सम्भावना हो।

एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम ने कहा कि चुनावी विज्ञापन, पम्पलेट आदि प्रकाशन को प्रकाशक के नाम- पते के साथ प्रिटंर का नाम व पता प्रिंट करना अनिवार्य होगा। डिप्टी कलेक्टर आलोक सिंह ने कहा कि द्वेष भावना से किसी प्रत्याशी को लाभ या हानि पहुंचाने की गरज से प्रकाशित समाचारों का संज्ञान लेकर समिति विचार करेगी। विचारण बाद पेड न्यूज साबित होने पर नियमानुसार सम्बन्धित प्रत्याशी के चुनावी खर्चे में जोड़ा जाएगा। बैठक में एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, चित्रकूट प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार सुधीर अग्रवाल, विजय दीक्षित, अखिलेश सोनकर, रतन पटेल व अनुज हनुमत आदि मौजूद रहे।

# भाव के वश में हैं भगवानः नवलेश

अखंड भारत संदेश


कथा व्यास नवलेश दीक्षित।

**चित्रकूट।** कथा व्यास नवलेश दीक्षित ने कहा कि ईश्वर केवल भाव के वश में है। वह भक्तों का भाव प्रेम ही देखकर द्रवित हो जाते हैं। परमात्मा निराकार निर्गुण होकर भी भक्तों के लिए सगुण साकार रूप में अनेकों स्वरूप धारण कर धर्म की रक्षा को आते हैं।

रविवार को खोही स्थित भागवत पीठ में जारी श्रीमद्भागवत कथा के चैथे दिन आचार्य नवलेश दीक्षित ने बताया कि भक्त दो हाथों से बुलाता है तो प्रभु चतुर्भुज रूप में आते हैं। चार वेद, वर्ण, आश्रम, सम्प्रदाय, विप्र, धेनु, सुर, संतो के लिए ही भगवान चतुर्भुज रूप में आकर कहते हैं कि हे जीव चिंता न करो, तुम्हारी रक्षा चारों हाथों से करूंगा। जो कार्य अनेक रूपों में संभव नहीं होता, वह कार्य वरदानों को पूर्ण करने को द्वापर के अंत में लीला पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण पूर्ण करते हैं। यशोदा नंदन सब कुछ करने में समर्थ हैं, लेकिन कार्य का यश खुद न लेकर ग्वालो, राधा व ब्रजवासियों को देते हैं। परमात्मा की विचित्र लीलाये हैं। श्रीकृष्ण लीलाओं का श्रवण कर जो लीन एवं तल्लीन हो जाये, सहज स्वरूप को प्राप्त हो जाये, उसी का नाम श्रीकृष्ण लीला है। ईश्वर की संपूर्ण लीलायें ब्रम्ह सुख देती हैं। उन्होंने श्रीराम जन्मोत्सव का दर्शन कराते हुए बताया कि जब जीवन में मर्यादा आयेगी, तभी श्रीकृष्ण कथा को श्रवण कर ईश्वर के नाम, रूप, लीला, धाम का सहज आनंद प्राप्त कर सकते हैं। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। बधाईयों की धूम में संपूर्ण पंडाल श्रीकृष्णमय हो गया। नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की गीत पर श्रोता झूम उठे। आरती बाद प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर सूरी माता, साधु-संत समेत श्रोता मौजूद रहे।

## पीडिता के हिस्से के रुपये हडपे

**चित्रकूट।** मऊ थाने के ताडी गांव की ननकई पत्नी स्व गिरधारी ने प्रभारी निरीक्षक मऊ को लिखे पत्र में कहा कि उसके दो पुत्र हैं। उसने व दोनों पुत्रों ने मिलकर तीन बीघा सात बिस्वा जमीन का बैनामा किया है। जिसमें तीनों ने बराबर-बराबर रुपये लिये थे। पीडिता ने बताया कि अपने हिस्से का पूरा रुपया मंगल पुत्र गिरधारी को रखने को दिया था। वह पूरा पैसा लेकर भाग गया। अब कह रहा है कि उसके पास उसका कोई पैसा नहीं है। जो करना हो कर लो। पीडिता ने मंगल पुत्र गिरधारी से रुपये दिलाने की मांग की है। पीडिता ने मंगल पुत्र गिरधारी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## चार वारंटी दबोचे

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने चार वारंटी दबोचे हैं। रविवार को थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय ने सिपाही नन्हे यादव व चन्द्रभूषण के साथ बलबा, जानलेवा हमला, मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी के वारंटी कल्लू व रामप्यारे पुत्र सीता निवासी अगरहुंडा को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी ने सिपाही नरेन्द्र कुमार के साथ बलबा, मारपीट व क्रिमिनल ला अमेन्डमेन्ट एक्ट के वारंटी श्रीराम पुत्र निरपत शिवरामपुर को गिरफ्तार किया। चैकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी ने सिपाही रविशंकर के साथ आर्म्स एक्ट के वारंटी अमृतलाल पुत्र लक्ष्मी प्रसाद केवट विकास नगर कपसेठी को गिरफ्तार किया।

## करंट की चपेट में युवक की मृत्यु

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** राजापुर तहसील के महुवा गांव में बहन के घर गृह प्रवेश में शंकरगढ़ से आये भाई चंदन सिंह 11 हजार बोल्ट करंट की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। रविवार को प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज चैधरी ने सूचना मिलने पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने पूंछताछ कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा। दूसरे घायल लव सिंह को सिद्धिविनायक हॉस्पिटल राजापुर में इलाज को भर्ती कराया। डॉक्टरों ने बताया कि लव सिंह की हालत खतरे से बाहर हैं। मृतक चंदन सिंह के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## दो के कब्जे से 38 क्वार्टर शराब बरामद

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने दो के कब्जे से 38 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है। रविवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा राहुल सिंह ने भइयालाल यादव पुत्र चुनकाई यादव गढ़ीवा के कब्जे से 18 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। इसी क्रम में राजापुर थाने के दरोगा सुरेन्द्र कुमार सिंह ने मुन्ना सिंह उर्फ हेमराज पुत्र राजकुमार सिंह बरुआ के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

# कालाधनः कहीं है तो यहीं है, यहीं है....

**शाम ढलते ही प्रचारक डूब जाते हैं ऐशपरस्ती में**

राजेंद्र पाण्डेय


बेखौफ घूम रहीं लग्जरी गाड़ियां।

**चित्रकूट।** प्रदेश में कालेधन की खपत की सबसे बड़ी मंडी चित्रकूट होने के बावजूद अभी तक यहां किसी भी राजनैतिक दल के कब्जे से कालाधन की बरामदगी नहीं की गई, जबकि कालेधन बरामदगी की अन्य जिलों में ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। शनिवार की शाम हुई बैठक में प्रेक्षक सब्यसाची चक्रवर्ती ने ऐसी कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिये हैं।

प्रदेश में चित्रकूट जिले का अन्दाज सबसे जुदा है। यहां कालाधन, काली गाड़ी, काले लोग और काले मन के लोगों की भरमार है। अल्प कालखंड में पता नहीं कौन सा ऐसा कारुं का खजाना काले लोगों के हाथों लग गया है कि वे लगातार काले शीशों से लैस काली लग्जरी गाड़ियों में चलते नजर आ रहे हैं। इनसे कभी किसी आयकर अधिकारी ने नहीं पूंछा कि ऐसी गाड़ियां खरीदने को बेशुमार दौलत कहां से हाथ लगी। इनकी देखादेखी काले मन के लोगों ने भी ऐसी ही लग्जरी गाड़ियां बना ली हैं।

लम्बे समय से चित्रकूट जिला डकैतों से प्रभावित रहा है। आज भी कुछ सफेदपोश काले कारोबार में जुटे हैं। 2007 के विधानसभा व 2009 के लोकसभा चुनाव को छोड़ दें तो यहां दस्यु ददुआ के हुक्मनामे से ही विधायक व सांसद बनते रहे हैं। ये बात राष्ट्रीय स्तर पर आठवें दशक में चर्चा का विषय बन चुकी है। ऐसे में चित्रकूट जिला कालेधन की खपत की सबसे बड़ी मण्डी के तौर पर मानी जा रही है। इसके बावजूद यहां किसी के कब्जे से कोई रकम बरामद न होने की बात तमाम सवाल खड़े करती है।

हालांकि अभी तक तो जिला प्रशासन ने इस दिशा में जांच को वे कदम नहीं उठाये, जो उठाने चााहिए। शनिवार की शाम कलेक्ट्रट सभाकक्ष में हुई बैठक में प्रेक्षक सब्यसाची चक्रवर्ती ने लग्जरी वाहनों के छानबीन के निर्देश दिये हैं। उम्मीद जगी है कि छानबीन से राजनैतिक दलों के कालेधन की बरामदगी होगी। चुनाव आयोग ने एक प्रत्याशी के खर्च की सीमा 70 लाख रुपये तय की है। माना जाता है कि इतने रुपयों से तो यहां के कुछेक प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव लड़ चुके हैं। लोकसभा चुनाव में वे अगर दो-चार करोड़ रुपये खर्चा कर दें तो किसी को ताज्जुब नहीं होना चाहिए। यहां कुछेक ऐसे भी काले मन व रंग के प्रत्याशी हैं जो मतदाताओं के बीच भारी रकम बांटने की योजना बनाये हैं। ऐसे लोग नोटों को बिछाकर चुनाव जीतने की मंशा पाले हैं। इनके नामी-बेनामी खातों व परिजनों तथा नजदीकी नाते-रिश्तेदारों के खातों पर नजर न रखने पर चुनाव आयोग के निर्देशों को धता बताने में ये बाज नहीं आयेंगे। चुनाव आयोग के निर्देशों को ही धता बताकर चुनाव कार्यालय में प्रचार में लगे लोगों पर खास खर्च नहीं दिखा रहे, जबकि प्रचारकों को प्रतिदिन दारु, मुर्गा व ऐश के सभी साधन मुहैया कराये जा रहे हैं। ऐसी पार्टियां गोपनीय स्थानों व होटलों में औचक जांच में कभी भी देखी जा सकती है।

# आज होगा भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल का नामांकन

अखंड भारत संदेश


भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल।

**चित्रकूट।** भाजपा प्रत्याशी/सांसद आरके सिंह पटेल के 29 अप्रैल के बांदा कलेक्टेट्रट में नामांकन को सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक शामिल होंगे। नामांकन को लोग पहले जीआईसी परिसर बांदा में एकत्र होंगे। यहां से नामांकन जुलूस भव्य गाजे-बाजे से निकलेगा।

रविवार को सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने बताया कि बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी/सांसद आरके सिंह पटेल 29 अप्रैल को नामांकन करेंगे। नामांकन में उनके साथ सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक समेत विशिष्ट लोग शामिल होंगे। नामांकन जुलूस में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने को ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल हों। पूर्वान्ह 11 बजे सभी लोग 29 अप्रैल को जीआईसी परिसर बांदा में एकत्र होंगे। यहां से भव्य जुलूस स्वास्थ्य मंत्री के साथ कलेक्टेट्रट को रवाना होगा। कलेक्टेट्रट में विशिष्ट लोगों के साथ भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन जुलूस में भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता समेत सभी ब्लाकों के ब्लाक प्रमुख व भाजपा के बडे नेता आदि शामिल होंगे।


सफाई करते समिति के लोग।

# लक्ष्मण पहाडी में स्वच्छता अभियान

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति ने कामतानाथ परिक्रमा स्थित लक्ष्मण पहाड़ी में 113वां स्वच्छता अभियान चलाया।

रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति अध्यक्ष राकेश केसरवानी ने कहा कि स्वच्छता मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। गांधी ने स्वच्छता को सेवा भाव कहा था। स्वच्छ मनुष्य स्वच्छ समाज की नींव रख सकता है। आसपास कचरा किसी को नहीं करना चाहिए। स्वच्छता अच्छी आदत है, जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है। हमारे जीवन में स्वच्छता महत्वपूर्ण अंग है। शरीर की भी स्वच्छता जरूरी है, रोज नहाना, स्वच्छ कपड़े पहनना, दांतों की सफाई करना आदि। अभियान के तहत लक्ष्मण पहाड़ी में कामदगिरि स्वच्छता समिति के पदाधिकारी व नगर पालिका कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान चलाया। पर्वत से भारी मात्रा में कचरा निकाला। अभियान में वार्ड मेम्बर शुभम केशरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, जानकी कुशवाहा, रसूल बख्श, जितेंद्र केसरवानी, अंकुर केसरवानी, विनोद सिंह आदि ने सहयोग किया।


सफाई करते एसपी आदि।

# एसपी ने खुद सफाई कर सफाई को किया प्रोत्साहित

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस कार्यालय में तैनात अधिकारी/कर्मचारियों ने पुलिस कार्यालय में श्रमदान किया। पुलिस अधीक्षक ने खुद व कार्यालय में तैनात लोगों ने अपने-अपने शाखा/कार्यालय में साफ-सफाई की। रविवार को पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में पुलिस कर्मियों ने कार्यालय परिसर में लगे पौधों की निराई-गुडाई कर पौधों व वृक्षों की सिंचाई की।

पुलिस अधीक्षक ने सभी को अपने आस-पास साफ-सफाई रखने व स्वच्छ रहने के प्रति प्रोत्साहित किया। प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण की अगुवाई में पुलिस लाइन परिसर में अभियोजन कार्यालय, न्यायालय सुरक्षा, सदर मालखाना, लॉकअप, परिवहन शाखा, पुलिस लाइन में तैनात कर्मियों ने श्रमदान कर साफ-सफाई की।

## सपा के स्टार प्रचारक बने विधायक अनिल प्रधान

अखंड भारत संदेश


स्टार प्रचारक अनिल प्रधान।

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव प्रो रामगोपाल यादव ने भारत सरकार के निर्वाचन आयोग के सचिव को भेजे पत्र में चित्रकूट विधानसभा कर्वी के सपा विधायक अनिल प्रधान को स्टार प्रचारक में शामिल किया है।

ये जिले का गौरव है कि पहली बार कोई यहां का नेता स्टार प्रचारक में शामिल हुआ है। रविवार को सपा के प्रमुख महासचिव प्रो रामगोपाल यादव के जारी पत्र में बताया कि भारत सरकार के चुनाव आयोग के सचिव को लिखे पत्र में कहा कि रिप्रेजेन्टेशन आफ द पीपुल एक्ट 1951 के सेक्सन 77 के प्राविधानों के तहत समाजवादी पार्टी के 2024 के लोकसभा चुनाव में पांचवे चरण के स्टार प्रचारकों की लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में सपा नेताओं के प्रचार की सूची भेज रहे हैं। उस सूची में सपा मुखिया अखिलेश यादव, खुद रामगोपाल यादव, विशम्भर प्रसाद निषाद, बबेरू विधायक विशम्भर सिंह यादव, बदायूं के पूर्व विधायक आबिद रजा समेत कर्वी के विधायक अनिल प्रधान, आदि 19 लोग शामिल हैं। जिले के विधायक अनिल प्रधान को स्टार प्रचारक बनाये जाने पर सपा प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य अनुज सिंह यादव ने उन्हें बधाई दी है। कहा है कि अनिल प्रधान के विधायक बनने से जिले का गौरव बढा है।

## मऊ चौराहे से हटायें अतिक्रमण

अखंड भारत संदेश


डॉ मनीष तिवारी।

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ क्षेत्र के नेत्र चिकित्सक डा मनीष तिवारी ने कहा कि नगर पंचायत मऊ बस अड्डे पर सरकारी व प्राइवेट बसें झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे खड़ी होती हैं। बसों समेत चैराहे पर गलत ढंग से रिक्शा, जीप भी खड़े होते हैं। लोगों को आवागमन में भारी परेशानी होती है।

रविवार को डॉ तिवारी ने बताया कि मऊ में झांसी- मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे सीज किये ट्रक भी खड़े हैं। आधे रास्ते में गाडियां ही गाडियां दिखती हैं। बेतरतीब खड़े वाहनों से अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। ऐसे वाहनों को राष्ट्रीय राजमार्ग से हटाया जाये, ताकि लोग आराम से आवागमन कर सकें। डॉ तिवारी ने बताया कि हाइवे में बसों, जीप व रिक्शा के खड़े होने से कई बार हादसे हो चुके हैं। मऊ चैराहे पर दिन-रात टहलते अन्ना पशु दुर्घटनाओं को आमंत्रित करते हैं।

इस समस्या का समाधान नगर पंचायत को करना चाहिए। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग किया कि मऊ बस अड्डा को कहीं अन्यत्र जगह चिन्हित करना चाहिए, ताकि समस्या का स्थायी रूप से निदान हो सके।

# ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सुनक ने जुलाई में चुनाव कराये जाने की संभावना खारिज करने से किया इनकार



**लंदन ।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपनी कंजरवेटिव पार्टी के एक सांसद के दल-बदल कर विपक्षी लेबर पार्टी में शामिल हो जाने के बीच, जुलाई में आम चुनाव कराये जाने की संभावना को स्पष्ट रूप से खारिज करने से रविवार को इनकार कर दिया। देश में दो मई को नगर निकाय और महापौर चुनाव होने हैं। सांसद डैन पोल्टर ने कहा कि अगले चुनाव से पहले वह विपक्षी खेमे में चले जाएंगे, क्योंकि वह राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) पर टोरी (कंजरवेटिव) सरकार के कामकाज का अब और बचाव नहीं कर पाएंगे।
स्काई न्यूज के साथ एक साक्षात्कार के दौरान सुनक से यह पूछा गया कि आम चुनाव इस साल के उत्तरार्द्ध में कराये जाने की बात उनके द्वारा बार-बार बोले जाने का मतलब क्या जुलाई (में चुनाव कराया जाना) भी हो सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा, जहां तक आम चुनाव की बात है, मैं कई बार और एक बार फिर इस बार में बहुत स्पष्ट हूं कि मैं जो कुछ कह चुका हूं, उससे ज्यादा नहीं कहने जा रहा। मैं इस बारे में बहुत स्पष्ट रहा हूं। सरकार से वित्त पोषित एनएचएस पर, सुनक ने कहा कि उपचार कराना चाह रहे मरीजों के प्रतीक्षा करने का समय घट गया है। उन्होंने महंगाई घटाने, रक्षा बजट बढ़ाने और रवांडा विधेयक संसद से पारित कराने, जैसी प्रधानमंत्री के तौर पर अपनी सफलताओं का भी उल्लेख किया। विधेयक के पारित हो जाने से इस साल के अंत से अवैध प्रवासियों को पूर्वी अफ्रीकी देश रवांडा भेजा जाना शुरू हो जाएगा।
इस बीच, ब्रिटेन की मीडिया में आई कुछ खबरों के अनुसार, ग्रीष्मकाल में चुनाव कराये जाने के खतरे पर चर्चा का इस्तेमाल प्रधानमंत्री कार्यालय-सह आवास डाउनिंग स्ट्रीट एक तरकीब के तौर पर कर रहा है, ताकि इस हफ्ते के अंत में स्थानीय चुनाव के प्रतिकूल नतीजे आने की स्थिति में सुनक के नेतृत्व के खिलाफ पार्टी में अंदरूनी बगावत को रोका जा सके। ज्यादातर ओपनियन पोल में सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी का आम चुनाव में सूपड़ा साफ होने की संभावना जताई जा रही है, इसलिए अपनी सीट बचाने की उम्मीद कर रहे अधिकांश मौजूदा टोरी सांसद जल्द चुनाव कराने के पक्ष में नहीं हो सकते हैं।

# टेस्ला के मालिक और अरबपति उद्योगपति एलन मस्क अचानक बीजिंग पहुंचे




**बीजिंग ।** अरबपति कारोबारी एलन मस्क रविवार को अचानक बीजिंग पहुंच गए। इस बीच चीन के बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार में उनके द्वारा टेस्ला की स्वचालित ड्राइविंग तकनीक का अनावरण करने की भी अटकलें हैं। मस्क ने रविवार को चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग से मुलाकात की और अपनी वाहन कंपनी टेस्ला के लिए भविष्य की विस्तार योजनाओं पर चर्चा की। ली ने मस्क से कहा कि चीन का विशाल बाजार विदेशी वित्तपोषित उद्यमों के लिए हमेशा खुला रहेगा।
उन्होंने कहा कि चीन विदेशी वित्तपोषित उद्यमों को बेहतर कारोबारी माहौल और मजबूत समर्थन प्रदान करने के लिए बाजार पहुंच का विस्तार करने और सेवाओं में सुधार करने पर कड़ी मेहनत करेगा ताकि सभी देशों की कंपनियां शांत मन से चीन में निवेश कर सकें। ली ने कहा कि चीन में टेस्ला के विकास को चीन-अमेरिका आर्थिक सहयोग का एक सफल उदाहरण कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि तथ्यों ने साबित कर दिया है कि समान सहयोग और पारस्परिक लाभ दोनों देशों के सर्वोत्तम हित में हैं।
चीन के प्रधानमंत्री ने कहा कि उम्मीद है कि अमेरिका और चीन बीच में मिलेंगे और दोनों राष्ट्राध्यक्षों के रणनीतिक मार्गदर्शन में द्विपक्षीय संबंधों के स्थिर विकास को बढ़ावा देंगे। आधिकारिक मीडिया के अनुसार, मस्क ने कहा कि टेस्ला की शंघाई गीगाफैक्ट्री कंपनी की सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला कारखाना है। उन्होंने हर हालत में और ज्यादा मुनाफा प्राप्त करने के लिए चीन के साथ सहयोग को गहरा करने की इच्छा जताई। चीन के सरकारी प्रसारक सीटीजीएन के अनुसार, स्पेसएक्स और टेस्ला के प्रमुख ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए चीन परिषद (सीसीपीआईटी) के निमंत्रण पर चीन की यात्रा की।
इस दौरान उन्होंने चीन के साथ आगे के सहयोग पर चर्चा करने के लिए सीसीपीआईटी अध्यक्ष रेन होंगबिन से मुलाकात की। हांगकांग के समाचार पत्र साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने लिखा कि मस्क के स्टेट काउंसिल में वरिष्ठ चीनी अधिकारियों और बीजिंग में पुराने दोस्तों से मिलने की संभावना है। मस्क ने शंघाई में सात अरब डॉलर के निवेश से एक ईवी संयंत्र स्थापित किया था, जिसके बाद से उनकी टेस्ला ईवी चीन में लोकप्रिय हो गई है। इस संयंत्र में उत्पादन 2020 में शुरू हो गया था। मस्क ने हाल ही में भारत की प्रस्तावित यात्रा टाल दी थी।
भारत में वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलकर देश में टेस्ला का कारखाना शुरू करने की योजनाओं पर बात करने वाले थे। मस्क बीजिंग का दौरा तब कर रहे हैं जब चीन में उनके टेस्ला बाजार को स्थानीय ईवी वाहनों की बढ़ती बिक्री से खतरा है। ऑस्टिन (टेक्सास) की कंपनी टेस्ला को पिछले कुछ वर्षों में चीनी ईवी निर्माताओं से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा है।

## नेपाल इन्वेस्टमेंट समिट में बोले पीयूष गोयल- नेपाल के विकास में भारत का योगदान अतुलनीय

**काठमांडू।** भारत सरकार के उद्योग वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को नेपाल इंवेस्टमेंट समिट 2024 को वर्चुअली सम्बोधित करते हुए कहा कि नेपाल के चौतरफा विकास में भारत हमेशा ही तत्पर रहता है। भारत सरकार नेवरहुड फर्स्ट पॉलिसी के तहत हमेशा ही अपने पड़ोसी देशों के हर सुख-दुख में शामिल होने के साथ उनके विकास में भी साझेदार बनती है।
गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इंवेस्टमेंट समिट के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित कर रहे थे। गोयल ने कहा कि नेपाल भारत का सबसे निकट का पड़ोसी है, जिसके साथ हम ना सिर्फ खुली सीमा से जुड़े हैं, बल्कि सदियों पुरानी सभ्यता और संस्कृति से भी जुड़े हुए हैं। मंत्री गोयल ने कहा कि नेपाल के विकास में हम हमेशा ही सच्चे और विश्वसनीय मित्र की तरह साथ रहते हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से नेपाल और भारत का रिश्ता हिमालय की तरह अटल है, उसी तरह नेपाल के विकास साझेदार के रूप में उसी तरह साथ खड़े रहते हैं।
इंवेस्टमेंट समिट को संबोधित करते हुए नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने कहा कि भारत और नेपाल में सभी तरह के विकास सबसे अव्वल है। उन्होंने कहा कि नेपाल और भारत की व्यापारिक साझेदारी और नेपाल के विकास में भारत के योगदान की किसी अन्य देशों के साथ तुलना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि नेपाल के अर्थतंत्र में सर्वाधिक सहयोग करने वाला हाइड्रो पावर में सर्वाधिक निवेश भारत का है तो नेपाल के पर्यटन में सर्वाधिक योगदान भारतीय लोगों का ही है।
भारतीय राजदूत ने कहा कि नेपाल के साथ जब भी विकास और व्यापार साझेदारी की बात होती है तो उसमें कभी भी फायदे या नुकसान की बात नहीं देखी जाती है। उन्होंने कहा कि नेपाल हमेशा हमारी प्राथमिकता में रहता है और नेपाल की आर्थिक प्रगति में हमारा हर तरह का सहयोग रहा है।

## नेपाल: उपचुनाव की मतगणना आज

**काठमांडू।** नेपाल में हुए एक सीट के लिए संसदीय उपनिर्वाचन का मतगणना रविवार दोपहर बाद से शुरू होने जा रहा है। इलाम में हुए उपनिर्वाचन की सारी मतपेटिका इकट्ठा कर ली गई है।
इलाम के प्रमुख जिलाधिकारी सह मतदान अधिकृत इन्द्रदेव यादव ने बताया कि देर रात तक मतपेटिका इकट्ठा करने का काम किया गया है। आज सुबह ही सर्वदलीय बैठक के बाद दोपहर 12 बजे के बाद मतों की गिनती शुरू होगी। इलाम के सभागार में मतगणना के लिए सारी तैयारियां और सुरक्षा बंदोबस्त कर लिए गए हैं।
इस उपनिर्वाचन में नेकपा एमाले के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा संविधान सभा के पूर्व अध्यक्ष सुवास नेम्बांग के निधन के बाद खाली हुई इस सीट पर एमाले ने उनके बेटे सुहांग नेम्बांग को टिकट दिया है। ओली का गृह जिला होने और प्रचार में सबसे अधिक समय देने के कारण उनकी प्रतिष्ठा दांव पर है।

## इराक ने समलैंगिक संबंधों पर बनाया कठोर कानून, होगी 15 साल की सजा

वाशिंगटन। इराक की संसद ने समलैंगिक विवाह पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून पारित किया है। इसके तहत समलैंगिकता को बढ़ावा देने वालों पर भारी जुर्माना और जेल की सजा दी जाएगी। ट्रांसजेंडर्स को भी ऐसे मामलों में एक से तीन साल के लिए जेल में भेजा जा सकता है। हालांकि अमेरिका ने इसकी निंदा करते हुए कहा कि यह कानून संवैधानिक रूप से संरक्षित मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा है। इराकी संसद ने समलैंगिक संबंधों को अपराध की श्रेणी में रखने वाला कानून पारित किया है। इसके तहत समलैंगिकता से जुड़े मामलों में अधिकतम 15 साल जेल की सजा दी जा सकेगी। कानून की प्रति में कहा गया है कि इसका उद्देश्य इराकी समाज को नैतिक भ्रष्टता और समलैंगिकता से बचाना है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# Ukraine के मिकोलाइव शहर में रूसी ड्रोन हमले से एक होटल में लगी आग



**कीव ।** रूसी ड्रोन हमले ने रविवार तड़के मिकोलाइव शहर पर हमला किया गया जिससे एक होटल में आग लग गई और ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा। प्रांतीय गवर्नर ने यह जानकारी दी। यह हमला ऐसे समय किया गया जब दो साल से अधिक समय से चल रहे युद्ध में यूक्रेनी सैनिकों को गोला-बारूद की कमी से जूझना पड़ रहा है। यूक्रेन के दक्षिणी मिकोलाइव प्रांत के गवर्नर विताली किम ने कहा कि रूसी ड्रोन ने प्रांतीय राजधानी (मिकोलाइव) में एक होटल को हमभीर रूप से क्षतिग्रस्तह कर दिया। हमले से होटल में आग लग गई जिसे हालांकि बाद में बुझा दिया गया। किम ने यह भी बताया कि हमले से शहर के घरों और कार्यालयों को गर्म रखने वाले बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है, लेकिन उन्होंने कोई विवरण नहीं दिया। रूसी सरकारी एजेंसी आरआईए ने दावा किया कि मिकोलाइव पर हमले में एक शिपयार्ड को निशाना बनाया गया जहां नौसैनिक ड्रोन एकत्र किए जाते हैं, इसके साथ ही एक होटल को भी निशाना बनाया गया जिसमें ह्रअंग्रेजी बोलने वाले भाड़े के सैनिकह्र रहते हैं जो यूक्रेन के लिए लड़ते हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार सुबह कहा कि देश के दक्षिण-पश्चिम में चार क्षेत्रों में रात भर में 17 यूक्रेनी ड्रोन गिराए गए। यूक्रेन के अधिकारियों के अनुसार, शनिवार और रात भर रूसी गोलाबारी में पूरे यूक्रेन में कम से कम सात नागरिक घायल हो गए।

# पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार को उपप्रधानमंत्री नियुक्त किया गया



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार को रविवार को देश का उप-प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। कैबिनेट सचिवालय द्वारा जारी एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। चार्टर्ड अकाउंटेंट और अनुभवी राजनेता 73 वर्षीय डार, प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी से हैं। अधिसूचना के अनुसार, यह नियुक्ति प्रधानमंत्री शरीफ द्वारा ह्रतत्काल प्रभाव से और अगले आदेश तक की गई है।
शरीफ परिवार के करीबी सहयोगी डार पिछली दो सरकारों में वित्त मंत्री रह चुके हैं। पिछली पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) गठबंधन सरकार में चौथी और आखिरी बार वित्त मंत्री के रूप में कार्य करते हुए उन्हें सभी आर्थिक समस्याओं के लिए पार्टी का जवाब माना जाता था। उन्हें पिछले महीने संसद के उच्च सदन सीनेट का अध्यक्ष बनाए जाने की संभावना थी, लेकिन पीएमएल-एन द्वारा गठबंधन सरकार के लिए समर्थन हासिल करने के वास्ते पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के नेतृत्व वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के साथ समझौता करने के बाद वह दौड़ में पिछड़ गए।
पार्टी पीपीपी को अध्यक्ष और सीनेट अध्यक्ष का पद देने पर सहमत हो गई, जिससे डार के पास सरकार में किसी अन्य भूमिका के लिए समझौता करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा।

# इराक की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर उम फहद की गोली मारकर हत्या, पुलिस अधिकारी जाँच में जुटे



**बगदाद।** इराकी अधिकारी एक प्रसिद्ध सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की उसके घर के सामने हत्या किए जाने के मामले की जांच कर रहे हैं। देश की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर गुफरान महदी सवादी टिकटॉक और इंस्टाग्राम पर बेहद लोकप्रिय थीं। इन सोशल मीडिया मंचों पर वह अपने वीडियो पोस्ट करती थीं और अधिकतर वीडियो में उन्हें संगीत की धुन पर थिरकते देखा जा सकता है। वह उम फहद नाम से भी जानी जाती थीं। उन्हें उनके घर के सामने मोटरसाइकिल सवार सशस्त्र बदमाश ने गोली मार दी। सोशल मीडिया पर फहद के हजारों फॉलोअर्स है।
फहद की हत्या जायूना में की गई और यह वही स्थान है जहां प्रमुख इराकी शोधकर्ता और सुरक्षा विशेषज्ञ हिशाम अल-हाशिमी की 2020 में गोली मारी गई थी।
एक इराकी सुरक्षा अधिकारी ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि शुक्रवार को जब फहद ने अपनी कार अपने घर के बाहर खड़ी की तभी हमलावर ने उन पर गोलियां चलाई जिससे उनकी मौत हो गई। हमलावर उनका फोन भी अपने साथ ले गए। फहद सोशल मीडिया से जुड़ी पहली हस्ती नहीं हैं जिनकी हत्या की गई है।पिछले वर्ष नूर अलसफर की भी शहर में गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। नूर ट्रांसजेंडर थीं और उनके भी सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में फॉलोअर्स थे।
फहद के पड़ोसी अबु अदम ने बताया कि गोलियों की आवाज सुन कर वह बाहर आए तो देखा कि फहद की कार का दरवाजा खुला था और वह स्टेयरिंग पर औंधे मुहं पड़ी थीं। उन्होंने कहा, फहद के साथ एक अन्य महिला थी जो हमले के बाद वहां से चली गई। घटना के बाद सुरक्षा बल के जवान पहुंचे। उन्होंने पूरे इलाके की घेराबंदी की और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अलास्का की चोटी पर चढ़ाई करते वक्त गिरे पर्वतारोही का शव बरामद



**एंकरेज।** अलास्का के डेनाली नेशनल पार्क एंड प्रिजर्व में एक दुर्गम मार्ग पर चढ़ाई करते वक्त करीब 300 मीटर नीचे गिरे एक पर्वतारोही का शव शनिवार को बरामद कर लिया गया। पार्क के अधिकारियों ने एक बयान में बताया कि न्यूयॉर्क निवासी रॉबी मेकस (52) बृहस्पतिवार को 2,560 मीटर ऊंचे माउंट जॉनसन पर्वत पर चढ़ाई करते वक्त गिर गया था जिसके बाद चोटें आने के कारण उसकी मौत हो गयी। इस हादसे में उसके साथ चढ़ाई कर रही कैलिफोर्निया की 30 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी और उसे शुक्रवार को विमान से एंकरेज के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।
बयान के अनुसार, पर्वत पर चढ़ाई कर रहे एक अन्य दल ने दोनों को गिरते हुए देखा था और बृहस्पतिवार रात को इसकी सूचना दी थी। वे उस जगह पर उतरे जहां पर्वतारोही गिरे थे और उन्होंने एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि की। इसमें बताया गया है कि शुक्रवार सुबह एक हेलीकॉप्टर और दो पर्वतारोहण रेंजर्स ने घायल पर्वतारोही को बचाया। उन्होंने शनिवार सुबह मेकस का शव बरामद किया।

# नवलनी के समूह के लिए काम करने के आरोप में दो रूसी पत्रकार गिरफ्तार

रूस सरकार ने विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी द्वारा स्थापित एक समूह के लिए काम करने के आरोप में दो पत्रकारों को गिरफ्तार कर लिया और रूसी अदालतों ने जांच पूरी होने एवं मुकदमा चलने तक उन्हें हिरासत में रखने का शनिवार को आदेश दिया। विपक्षी नेता नवलनी की फरवरी में मौत हो गई थी। इन पत्रकारों को अतिवाद के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कॉन्स्टेंटिन गैबोव और सर्गेई कार्लिन दोनों ने इन आरोपों से इनकार किया है। दोनों को मामले में कोई सुनवाई शुरू होने से पहले कम से कम दो महीने तक हिरासत में रखा जाएगा।
रूसी अदालतों के अनुसार चरमपंथी संगठन में भागीदारी के आरोप साबित होने पर उन्हें कम से कम दो साल और अधिकतम छह साल कारावास की सजा हो सकती है।
रूस में सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वालों और स्वतंत्र मीडिया पर सरकारी कार्रवाई पिछले कुछ वक्त में तेज हुई है और इन कार्रवाई में यूक्रेन पर रूस के हमला करने के बाद से और तेजी आई है। इसी क्रम में इन पत्रकारों को गिरफ्तार किया गया है। गैबोव और कार्लिन पर नवलनी के फाउंडेशन फॉर फाइटिंग करप्शन द्वारा चलाए जा रहे एक यूट्यूब चैनल के लिए कार्यक्रम तैयार करने का आरोप है। इस चैनल को रूसी अधिकारियों ने गैरकानूनी घोषित कर दिया है। अदालत की प्रेस सेवा ने बताया कि गैबोव को मॉस्को में हिरासत में लिया गया। गैबोव रॉयटर्स सहित कई संगठनों के लिए काम कर चुके हैं।
इजराइल और रूस की दोहरी नागरिकता वाले कार्लिन को शुक्रवार रात रूस के उत्तरी मरमंस्क क्षेत्र से हिरासत में लिया गया। कार्लिन (41) ने एसोसिएटेड प्रेस सहित कई प्रतिष्ठानों के लिए काम किया है।